संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार 11 सितंबर 2026 ₹2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 20 अंक: 254 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



दिल्ली में एसडीआरएफ के गठन से आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य को मिलेगी गति: रेखा गुप्ता।

## सुप्रीम कोर्ट ने पैक्ड फूड में चीनी, नमक और फैट से बच्चों की सेहत पर जताई चिंता, स्पष्ट चेतावनी लेबल जल्द लागू करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पैक्ड फूड में चीनी, नमक और वसा की अधिक मात्रा से बच्चों की सेहत पर पड़ रहे बुरे प्रभावों चिंता जताई है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने स्पष्ट चेतावनी लेबल जल्द लागू करने के लिए एफएसएसएआई को सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। एफएसएसएआई ने पैकेट के आगे लाल रंग का चेतावनी निशान लगाने का प्रस्ताव रखा है। कोर्ट इस मामले पर एक-दो दिन के अंदर विस्तृत आदेश जारी करेगा। मामले की अगली सुनवाई 28 सितंबर को होगी। उच्चतम न्यायालय ने साफ कहा है कि वह देश के आम लोगों और खासकर बच्चों की सेहत को लेकर काफी चिंतित है। कोर्ट ने

**आदेश**

**देश के आम लोगों और खासकर बच्चों की सेहत को लेकर काफी चिंतित है: सुप्रीम कोर्ट**

कहा कि देश के स्वास्थ्य से जुड़े



इस गंभीर विषय पर सभी संबंधित पक्षों को राष्ट्रीय हित में मिलकर सोचना चाहिए। यह याचिका 3 एस एंड आवर हेल्थ सोसायटी नामक ट्रस्ट ने दायर की है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कुरकुरे जैसे अत्यधिक प्रोसेस्ड स्नैक्स को अंडे और नमकीन काजू जैसे पौष्टिक खाने के बराबर का दर्जा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शाकाहारी (हरा) और मांसाहारी (लाल) के निशानों से भ्रम न फैले, इसलिए अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड पर चेतावनी के लिए लाल रंग की जगह किसी दूसरे स्पष्ट रंग के निशान का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इससे पहले सुनवाई के दौरान एफएसएसएआई ने हलफनामा दाखिल कर कहा था कि अत्यधिक नमक, चीनी और वसा वाले पैक्ड फूड पर पैकेट के अगले हिस्से में ही लाल रंग का छह कोनों वाला चेतावनी निशान लगाने की योजना है। आईसीएमआर-एनआईएन की 'डायटरी गाइडलाइंस 2024' के आधार पर तय इस निशान पर स्पष्ट रूप से 'हाई फैट', 'हाई शुगर' या 'हाई साल्ट' लिखा होगा, ताकि ग्राहक पैकेट देखते ही पहचान सकें।

**फास्ट न्यूज**

### हाई कोर्ट ने सीजेपी से कहा- गौरव भाटिया के खिलाफ अपलोड किए गए पोस्ट हटाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और उसके नेता अभिजीत दीपके, सौरभ दास और आशुतोष रांका को भाजपा नेता और वकील गौरव भाटिया के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए पोस्ट को हटाने को कहा है। जस्टिस तुषार राव गडेला की बेंच ने काकरोच जनता पार्टी के तीनों नेताओं की ओर से पेश वकील से इस संबंध में निर्देश लेकर कोर्ट को बताने को कहा। गौरव भाटिया ने सीजेपी के नेताओं पर दो करोड़ का हजार्ना और उनके खिलाफ किए गए सोशल मीडिया पर पोस्ट पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की है। गौरव भाटिया ने आरोप लगाया है कि सीजेपी और उसके नेताओं ने एआई जनित ग्राफिक्स में स्वतंत्र भारद्वाज के बारे में गलत तथ्य उनके नाम से जोड़ दिए हैं। भारद्वाज पर सीजेपी कार्यकर्ता के पिता के साथ मारपीट करने का आरोप है। पोस्ट में कहा गया था कि गौरव भाटिया ने स्वतंत्र भारद्वाज को दिमागी नक्सल कहा था। सौरभ दास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ग्राफिक शेयर किया था। गौरव भाटिया ने सौरव दास पर आरोप लगाया कि वो अपने सोशल मीडिया अकाउंट से कोर्ट को लेकर भी अनर्गल पोस्ट करते रहते हैं।

याचिका में कहा गया है कि सौरव दास ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की आलोचना की थी और केजरीवाल के मामले की सुनवाई से हटने को कहा था। सौरव दास ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश रचने के आरोपी उमर खालिद के पक्ष में भी बोला था। ऐसा करना न्यायिक कार्यवाही में दखल देना है।

### अबू सलेम की समयपूर्व रिहाई की मांग खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में अबू सलेम की समयपूर्व रिहाई की मांग खारिज कर दी है।

रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने पर सहमति

## पीएम मोदी ने जर्मन चांसलर मर्ज से की बातचीत, रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा

**कूटनीतिक**

**आवाजाही सहित विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत-जर्मनी राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। बातचीत में व्यापार एवं निवेश, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी और प्रतिभाओं की आवाजाही समेत विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बातचीत की जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत और जर्मनी के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर दोनों देशों ने व्यापार एवं निवेश, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी और प्रतिभाओं की आवाजाही सहित विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई। मोदी ने कहा कि जर्मनी के साथ भारत की साझेदारी का दायरा लगातार बढ़ रहा है। दोनों देशों के बीच सहयोग को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ाने और दोनों देशों के लोगों के हित में नए अवसर तलाशने पर भी बातचीत हुई। प्रधानमंत्री ने जर्मनी को यूरोप के साथ भारत के जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि वह वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में भारत का एक महत्वपूर्ण एवं मूल्यवान साझेदार है। उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी मिलकर अपनी दूरदर्शी रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए काम करते रहेंगे। दोनों देशों के बीच बढ़ता सहयोग आपसी समृद्धि के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर शांति और स्थिरता को मजबूत करने में भी योगदान देगा। उल्लेखनीय है कि भारत और जर्मनी ने वर्ष 1951 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। वर्ष 2026 में दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन उभरती हुई ताकतों को व्यापार, विकास वित्त और पश्चिमी देशों के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के विकल्पों पर पहल को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। इस वर्ष भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। इस नाते भारत 12-13 सितंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इस शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य और भागीदार देशों के नेताओं के साथ-साथ आमंत्रित अतिथियों को भी शामिल किया जाएगा। भारत ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य है और इससे पहले 2012, 2016 और 2021 में तीन बार इसकी अध्यक्षता कर चुका है।

भारत ने 1 जनवरी 2026 को चौथी बार ब्रिक्स की अध्यक्षता ग्रहण की।



### चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ब्रिक्स शिखर बैठक के लिए आयेंगे दिल्ली

**नई दिल्ली।** भारत की अध्यक्षता में हो रहे 18 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 12-13 सितंबर को यहां आ रहे हैं। वह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के साथ ही शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने आज यहां सोशल मीडिया पर बताया कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर 12-13 सितंबर को यहां होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे।

सूत्रों के अनुसार शनिवार तड़के चीनी राष्ट्रपति का विमान यहां पालम तकनीकी हवाईअड्डे पर पहुंचेगा। उनके साथ एक बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आ रहा है। शनिवार को ही प्रधानमंत्री मोदी की चीनी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक होने की संभावना है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण समझौते होने की उम्मीद है। रूस के राष्ट्रपति गुरुवार को देर रात नई दिल्ली पहुंच रहे हैं और शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी वार्षिक शिखर बैठक है। चीन ब्रिक्स का प्रमुख सदस्य देश है। भारत और चीन वैश्विक भू-राजनीतिक बदलावों के बीच बहुपक्षीय आर्थिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह श्रीलंका के नुवारा एलिया जिले में मौजूद सीता अम्मन मंदिर भी गए।, जहां पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद मांगा।

### श्रीलंकाई वायुसेना के लिए एल-70 तोपों के उन्नयन पर समझौता

**नई दिल्ली।** श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दौरे के आखिरी दिन श्रीलंकाई नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय साझेदारी के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करते हुए व्यापक चर्चा की। श्रीलंकाई वायु सेना के लिए एल-70 तोपों के उन्नयन पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही राष्ट्रीय रक्षा कॉलेजों और राष्ट्रीय कैडेट कोर के बीच शैक्षणिक सहयोग पर भी चर्चा हुई। इस दौरे में श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या से मुलाकात में करीबी सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों से जुड़े कई मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। रक्षा मंत्री एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ 08 सितंबर को श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर गए थे। राजनाथ सिंह आज श्रीलंका के नुवारा एलिया जिले में मौजूद सीता अम्मन मंदिर भी गए।,

## रेलवे टेंडर घोटाला: मनी लांड्रिंग मामले में लालू, राबड़ी व तेजस्वी पर आरोप तय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने रेलवे टेंडर घोटाला के मनी लांड्रिंग मामले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। स्पेशल जज विशाल गोगने ने आरोप तय करने का आदेश दिया। कोर्ट ने लालू यादव के दामाद राहुल यादव समेत सात लोगों को बरी करने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने इन तीनों के अलावा लारा प्रोजेक्ट्स, सरला गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, सुजाता होटल्स, विनय कोचर और विजय कोचर के खिलाफ आरोप तय किया है। कोर्ट ने राहुल यादव, गौरव गुप्ता, नाथ मल कंकर्निया, विजय त्रिपाठी, डीएन तुलस्यान, राजीव रेलान और अभिषेक फाइनेंस को बरी करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने 13 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था।कोर्ट ने 28 जनवरी, 2019 को



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज केस में लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर नियमित जमानत दी थी। कोर्ट ने 19 जनवरी, 2019 को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज केस में लालू यादव को नियमित जमानत दी थी। कोर्ट ने 13 अक्टूबर, 2025 को रेलवे टेंडर घोटाले के सीबीआई से जुड़े मामले में लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव समेत दूसरे आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था।

### भाजपा ने सातों मोर्चों के बनाए नए प्रभारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने सात प्रमुख मोर्चों के नए प्रभारी नियुक्त किए हैं। महासचिव हरीश द्विवेदी को भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी को भाजपा महिला मोर्चा, राष्ट्रीय महासचिव सतीश पूनिया को अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चा, महासचिव संजय भाटिया को अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैजयंत पांडा को ओबीसी मोर्चा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्या को किसान मोर्चा तथा गजेंद्र पटेल को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा के मुताबिक इन नियुक्तियों से संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच पार्टी की पहुंच को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। हाल के दिनों में पार्टी ने राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर संगठन में कई अहम बदलाव किए हैं।

## अंतरिक्ष में सहयोग को प्राथमिकता दें, अल्पकालिक लाभ को नहीं: मोदी

**प्रौद्योगिकी**

**महासागरों और समुदायों तक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग हो रहा है: पीएम मोदी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष में बढ़ती गतिविधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वैश्विक समुदाय से सहयोग, स्थिरता और समावेशन को प्राथमिकता देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में कक्षाएं अधिक भीड़भाड़ वाली, प्रौद्योगिकियां अधिक शक्तिशाली और अंतरिक्ष क्षेत्र में भागीदारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में दुनिया को एकाग्रता के बजाय सहयोग, अल्पकालिक लाभ के बजाय स्थिरता और बहिष्कार के बजाय समावेशन का रास्ता चुनना होगा। प्रधानमंत्री ने पेरिस में आयोजित पहले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष शिखर सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि भारत सुरक्षित, संरक्षित, शांतिपूर्ण और टिकाऊ अंतरिक्ष क्षेत्र का समर्थन करता है। व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कानून, संवाद और बहुपक्षीय सहयोग पर आधारित होनी चाहिए। मोदी ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष दृष्टिकोण वसुधैव कुटुम्बकम यानी एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य की भावना में निहित है। यह भावना अब पृथ्वी से आगे अंतरिक्ष तक पहुंचनी चाहिए।

अंतरिक्ष सदियों से मानव की कल्पना को प्रेरित करता रहा है, लेकिन आज इसकी प्रौद्योगिकियां पृथ्वी पर जीवन बचाने में भी मदद कर रही हैं। जलवायु और फसलों की निगरानी से लेकर महासागरों और समुदायों तक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग हो रहा है।

### दिल्ली में एसडीईआरएफ के गठन की प्रक्रिया शुरू, चर्चा हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सत्य निकेतन में राहत एवं बचाव अभियान के दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की त्वरित, साहसपूर्ण और समन्वित कार्रवाई के लिए पूरी एनडीआरएफ टीम के प्रति दिल्लीवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में एनडीआरएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में दिल्ली के लिए एक सशक्त और आधुनिक स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पांस फोर्स (एसडीईआरएफ) के गठन पर विस्तार से चर्चा हुई।

*दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की 11वीं किस्त के रूप में 10.10 लाख बहनों के खातों में 212.16 करोड़ रुपये की राशि जारी*

## सैनी ने 50 लाख से अधिक लाभार्थियों को 1,890 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की

**डबल इंजन सरकार**

**उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की 7 योजनाओं के तहत लाभार्थियों को 311.25 करोड़ रुपये की राशि जारी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न योजनाओं के तहत 50 लाख 28 हजार 208 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 1 हजार 890 करोड़ 16 लाख रुपये की राशि जारी की। इनमें दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की किस्त, बुजुर्गों व दिव्यांगों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जरूरतमंद परिवारों को




हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को वित्तीय सहायता वितरित करते हुए। (10.09.2026)

दयालु योजना की आर्थिक सहायता, गृहिणियों को गैस सब्सिडी, किसानों को भावांतर भरपाई शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजना का लाभ सीधे, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को हरियाणा निवास में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना की 11वीं किस्त जारी की गई है। इसके तहत 10 लाख 10 हजार लाभार्थी बहन-बेटियों के खातों में 212 करोड़ 16 लाख रुपये डाले गए हैं। इसके साथ ही योजना के तहत अब तक 11 किस्तों में 2 हजार 254 करोड़ 47 लाख रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आगामी 17 सितंबर से 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों को भी इस योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। राज्य सरकार ने चालू वित्त वर्ष के बजट में लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 6 हजार 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव एवं वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण गुप्ता, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव के. मकरंद पांडुरंग, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के निदेशक डॉ. आदित्य दहिया तथा अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) विवेक कालिया, मनीष लोहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**35 लाख से अधिक लाभार्थियों को 1,129 करोड़ रुपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विभिन्न 15 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 35 लाख 6 हजार 841 लाभार्थियों के खातों में 1 हजार 129 करोड़ 5 लाख रुपये की राशि सीधे ट्रांसफर की गई है। इनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग भत्ता सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन शामिल हैं।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम में ली गौ सेवकों एवं अधिकारियों की बैठक

**दिशा-निर्देश**

**पशु संरक्षण एवं उपचार व्यवस्था को बेहतर बनाने गौ सेवकों से लिए सुझाव आदि को लेकर दिए निर्देश**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गौ सेवकों एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में सड़क पर विचरण करने वाले पशुओं, बीमार एवं घायल पशुओं के रेस्क्यु, उपचार तथा उनके लिए व्यवस्थित स्थान



उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने गौ सेवकों से उनके कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी ली और पशुओं के बेहतर संरक्षण एवं उपचार के लिए आवश्यक सुझाव भी लिए। बैठक में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, गौ सेवक नीलेश सोनी, संस्कार दुबे, तरूण साहू, अंकुश विश्वकर्मा, अनमोल ठाकुर, वैदिक मिश्रा, नीरज ठाकुर, अमित चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि, गौ सेवक उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि गौ सेवक दिन-रात बीमार और घायल पशुओं की सेवा में जुटे रहते हैं। वे पूरी मेहनत, लगन और सेवाभाव के साथ सड़क पर घायल अवस्था में मिले पशुओं का रेस्क्यु कर उन्हें उपचार के लिए पशु चिकित्सालय तक पहुंचाते हैं।





# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में एक बार फिर शाहजहांपुर अव्वल, रामपुर को मिला दूसरा स्थान

- जनशिकायतों के निस्तारण में मारी बाजी, फीड बैक में भी रहा अव्वल, अगस्त की रैंकिंग में रामपुर दूसरे व बरेली तीसरे स्थान पर, जन समस्याओं के प्रति सीएम योगी की गंभीरता का दिख रहा असर, प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा निस्तारण, जन समस्याओं के प्रति सीएम योगी की गंभीरता का दिख रहा असर, प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा निस्तारण

**कार्यप्रणाली**

- प्रभावी निस्तारण, फीडबैक और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सुधारात्मक पहल से हासिल किया है: जिलाधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** योगी सरकार द्वारा पिछले साढ़े नौ वर्षों से प्रदेश में सुशासन और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का असर धरातल पर साफ देखा जा सकता है। सीएम डैशबोर्ड की अगस्त की रैंकिंग में एक बार फिर शाहजहांपुर ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं, रामपुर ने दूसरा और बरेली ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। रामपुर, शाहजहांपुर और बरेली के जिलाधिकारियों ने बताया कि उन्होंने यह उपलब्धि जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण, बेहतर फीडबैक और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सुधारात्मक पहल से हासिल किया है।

**शाहजहांपुर ने 9.53 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त कियाॉ**

शाहजहांपुर के जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप शाहजहांपुर में विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। इसके साथ ही सीएम डैशबोर्ड के जरिये मिलने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएम डैशबोर्ड की अगस्त माह की रैंकिंग में शाहजहांपुर को 10 में से 9.53 अंक प्राप्त हुए। इसी के साथ शाहजहांपुर ने प्रदेशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है।

वहीं रामपुर ने 9.48 अंक हासिल कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।





## रामपुर ने 10 में से 9.48 अंक प्राप्त कर बाजी मारी, टॉप टेन जिलों में आजमगढ़, पीलीभीत और मैनपुरी ने स्थान प्राप्त किया

रामपुर डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जिलों का मूल्यांकन कई मानकों के आधार पर किया जाता है। इसमें जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण, प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई, फीडबैक की गुणवत्ता और योजनाओं के क्रियान्वयन जैसे पहलू शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि जुलाई में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले की 68 योजनाओं की मॉनीटरिंग की गई। इसमें से 65 कार्यक्रमों में जिले ने ए ग्रेड प्राप्त किया। जिले ने वैकल्पिक ऊर्जा, ऊर्जा, कृषि विभाग, समाज कल्याण, लोक निर्माण विभाग, नियोजन विभाग, ग्राम्य विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, मत्स्य विभाग, उद्योग विभाग, सहकारिता एवं सिंचाई के कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए ए श्रेणी प्राप्त की है। सीएम डैशबोर्ड की अगस्त की रैंकिंग में रामपुर को 10 में से 9.48 अंक प्राप्त हुए। इसी के साथ एक बार फिर रामपुर ने सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा रामपुर पिछले कई माह से सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में टॉप टेन में जिलों में बना हुआ है। वहीं बरेली ने 9.43 अंक हासिल कर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

**टॉप टेन जिलों में आजमगढ़, पीलीभीत और मैनपुरी ने स्थान प्राप्त किया**

सीएम डैशबोर्ड की अगस्त माह की रैंकिंग में कई जिलों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 10 में स्थान बनाया है। इसमें आजमगढ़ और पीलीभीत ने बराबर-बराबर 9.36 अंक हासिल कर चौथा, मैनपुरी ने 9.34 अंक हासिल कर पांचवा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह महराजगंज ने 9.27 अंक प्राप्त कर छठवां, अंबेडकरनगर ने 9.26 अंक प्राप्त कर सातवां, सुल्तानपुर ने 9.24 अंक प्राप्त कर आठवां, हरदोई ने 9.23 अंक प्राप्त कर नौवां और सोनभद्र ने 9.21 अंक प्राप्त कर टॉप टेन में जगह बनायी है।

## बाढ़ पीड़ितों को एक्सपायर्ड सीरप बांटने का आरोप तथ्यहीन



**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुरः** बाढ़ पीड़ितों को एक्सपायर्ड सीरप बांटे जाने के आरोपों को कानपुर नगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी इन्द्रदेव सिंह ने तथ्यहीन बताया है। जांच के बाद सीएमओ ने स्पष्ट किया कि 02 सितंबर को आयोजित बाढ़ राहत कैम्प में ट्राइमेथोप्रिम एंड सल्फामेथॉक्साजोल आईपी सीरप का वितरण नहीं किया गया था। उन्होंने संबंधित खबर का खंडन करते हुए विभागीय रिकॉर्ड और दवा के स्टॉक की स्थिति को आरोपों के विपरीत बताया। रिकॉर्ड के मुताबिक उक्त सीरप वर्ष 2025 में ड्रग वेयरहाउस कानपुर नगर में प्राप्त हुआ था। इसके बाद मार्च 2025 तक सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सीरप वितरित किया जा चुका था। वर्तमान में किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उक्त बैच की दवा उपलब्ध नहीं है। जांच के दौरान बाढ़ राहत के लिए बनाए गए स्टॉक रजिस्टर को भी देखा गया। रजिस्टर में ट्राइमेथोप्रिम एंड सल्फामेथॉक्साजोल आईपी सीरप की एक भी प्रविष्टि नहीं मिली। ऐसे में 02 सितंबर को बाढ़ कैंप में उक्त सीरप बांटे जाने की बात विभागीय रिकॉर्ड से पुष्ट नहीं

# दिल्ली में 13-20 सितंबर तक 30वां विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन : संत राजिन्दर सिंह

**कार्यशालाएं**

- आध्यात्मिक प्रवचन, ध्यान-अभ्यास की कार्यशालाएं और अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के मार्गदर्शन और उनकी दिव्य उपस्थिति में दिल्ली में 13 से 20 सितंबर, 2026 तक 30वां विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस साल यह सम्मेलन खास महत्व रखता है क्योंकि इस अवसर पर संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का 80वां जन्मोत्सव भी मनाया



जाएगा, जो उनके दिव्य-प्रेम, करुणा, आध्यात्मिकता और मानव एकता के संदेश के आठ दशकों का प्रतीक है। यह वार्षिक सम्मेलन दुनिया भर के आध्यात्मिक नेताओं, गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिनिधियों को एक साथ बैठने का मौका देता है - जिनमें अमेरिका, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, कनाडा और पूरे भारत के लोग शामिल हैं - ताकि वे इस बात पर आपस में अपने विचार साझा कर सकें कि आध्यात्मिकता और ध्यान-अभ्यास समाज में आंतरिक शांति, करुणा और सद्भाव की भावना जगाने में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह सम्मेलन विभिन्न आध्यात्मिक नेताओं को मानव एकता पर विचार करने और प्रेम और करुणा का संदेश साझा करने के लिए एक साझा मंच प्रदान करती है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगी। आठ दिनों के इस कार्यक्रम में कृपाल बाग और दिल्ली के बुराड़ी में स्थित संत दर्शन सिंह जी धाम (19-20 सितंबर) में आध्यात्मिक प्रवचन, ध्यान-अभ्यास की कार्यशालाएं और अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे।

## डीएफएस सचिव ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने के लिए नवाचारों का अनावरण किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** वित्त मंत्रालय,भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव संजय लोहिया ने आज देश में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में कई नवाचारों का शुभारंभ किया। इन पहलों में तत्काल रुपे कार्ड और मर्चेंट यूपीआई क्यूआर जारी करने के लिए ओपन सोर्स (एंड्रॉयड) एटीएम की शुरूआत, चुनिंदा सरकार समर्थित ऋण योजनाओं के लिए यूपीआई पर क्रेडिट लाइन की सुविधा तथा आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के तहत थ्री पार्टी कैश डिपॉजिट की शुरूआत शामिल है। रुपे कार्ड और मर्चेंट क्यूआर जारी करने के लिए ओपन सोर्स एटीएम,यह समाधान ग्राहकों को एक सरल सेल्फ सर्विस प्रक्रिया के माध्यम से एटीएम से सीधे तत्काल व्यक्तिगत रुपे डेबिट,क्रेडिट और एनसीएमसी कार्ड प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। ओपनसोर्स एटीएम यूपीआई आधारित भुगतान स्वीकार करने के लिए मर्चेंट क्यूआर कोड भी जारी करेगा जिससे व्यापारी आसानी से क्यूआर कोड स्थापित कर सकेंगे और भुगतान स्वीकार करना शुरू कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त ये एटीएम चेक जमा करने,खाता खोलने और ऋण के लिए आवेदन करने जैसी बैंकिंग सेवाएं भी उपलब्ध कराएंगे।इस समाधान का उद्देश्य एटीएम की भूमिका को केवल नकद निकासी और जमा करने वाली मशीनों तक सीमित रखने के बजाय उन्हें स्मार्ट ग्राहक सेवा और बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच के केंद्र के रूप में विकसित करना है।

## भारथक्लाउड और आइबेंटोस की साझेदारी, एआई से बदलेगी ब्रांड मार्केटिंग और इवेंट टेक्नोलॉजी

**नई दिल्लीः** भारत की सॉवरेन एआई क्लाउड प्रदाता कंपनी भारथक्लाउड ने एआई-आधारित टेक्नोलॉजी कंपनी आइबेंटोस के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत और कनाडा में एआई-संचालित ब्रांड मार्केटिंग और इवेंट टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देना है। यह समझौता केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में आयोजित सातवें भारत-कनाडा व्यापार एवं निवेश मंत्रिस्तरीय संवाद के दौरान हुए भारत-कनाडा बिजनेस समिट में हुई चर्चा के बाद औपचारिक रूप से किया गया। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2024 में बढ़कर 23.66 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 निम्नलिखित कार्य के लिए **दो पैकेट प्रणाली** के अंतर्गत **ई-निविदा** आमंत्रित करते हैं:-

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम एवं स्थान :** CAO निर्माण – उत्तर रेलवे के लिए प्रोजेक्ट जनरल मैनेजमेंट सेवाएँ प्रदान करने हेतु प्रस्ताव का अनुरोध (RFP)। |
| 2 | **अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत :** रु. 364,93,61,936/- |
| 3 | **कार्य पूरा करने की अवधि :** 48 माह |
| 4 | **जमा की जाने वाली जमानती राशि :** रुपये 7,29,87,200/- |
| 5 | **विस्तृत ई-निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज :** उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 10.09.2026 से 23.10.2026 तक उपलब्ध होगी। |
| 6 | **बोली पूर्व सम्मेलन :** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण, प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली तथा ऑनलाइन वीडियो कॉफ्रेंसिंग लिंग के माध्यम द्वारा दिनांक 28.09.2026 को 11:30 बजे बोली पूर्व सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। |
| 7 | **पूर्वावलोकन प्रश्नों की प्राप्ति की अंतिम तिथि :** 30.09.2026, 15:00 बजे तक। |
| 8 | **पूर्वावलोकन प्रश्नों का उत्तर :** 06.10.2026, 15:00 बजे तक। |
| 9 | **ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय :** 23.10.2026 को 15.00 बजे तक। निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज 09.10.2026 से 23.10.2026 तक www.ireps.gov.in वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 10 | **ई-निविदा (तकनीकी बोली) खुलने की अंतिम तिथि और समय :** 23.10.2026 को 15.00 बजे तक। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

**सं.: 74-डब्लु/4/1/489/डब्लु.ए./एन सी दिनांक: 10.09.2026** **3143/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आरबीआई के उप गवर्नर ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में भारत कनेक्ट पर विदेशी मुद्रा सेवाओं के लिए मल्टी करेंसी क्षमताओं की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर रोहित जैन ने आज ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में भारत कनेक्ट पर फॉरेक्स कैटेगरी के लिए मल्टी करेंसी क्षमताओं की शुरूआत की घोषणा की।यह पहल फिलहाल सॉफ्ट लॉन्च के रूप में की जा रही है। टेस्टिंग चरण के सफलतापूर्वक पूरा होने और उसके आकलन के बाद इस सुविधा को भारत कनेक्ट के अधिक चैनलों और भागीदार बैंकों तक विस्तारित करने का प्रस्ताव है।यह प्लेटफॉर्म एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड (एनबीबीएल) द्वारा संचालित है और क्लियरकॉर्प डीलिंग सिस्टम्स इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित एफएक्स रिटेल के साथ एकीकृत है। क्लियरकॉर्प,द क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।अब यह प्लेटफॉर्म यूरो,ब्रिटिश पाउंड,कनाडाई डॉलर,स्विस फ्रैंक, यूएई दिरहम को सपोर्ट करेगा। इस पहल का उद्देश्य मौजूदा फॉरेक्स सुविधा को अमेरिकी डॉलर से आगे बढ़ाना और ग्राहकों को एक ही प्लेटफॉर्म के माध्यम से फॉरेक्स सेवाओं की व्यापक रेंज तक पहुंच उपलब्ध कराना है।

# सीएम की संवेदनशील पहल- शशिकांत को एम्स रायपुर में कराया भर्ती

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल से धमतरी जिले के ग्राम देवपुर निवासी 29 वर्षीय शशिकांत भरत को बेहतर इलाज की नई उम्मीद मिली है। सोशल मीडिया के माध्यम से शशिकांत की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री ने तुरंत संज्ञान लिया और उनसे दूरभाष पर बात कर कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शशिकांत को 9 सितंबर की शाम अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (अक्क्स्टर), रायपुर में भर्ती कराया, जहाँ विशेषज्ञ



डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने उनके उपचार के लिए 4 लाख रुपये की सहायता राशि भी स्वीकृत की है।

**2016 में हुए हादसे के बाद से प्रभावित है स्वास्थ्य**

वर्ष 2016 में एक सड़क दुर्घटना के दौरान शशिकांत को गंभीर चोटें आई थीं, जिसके कारण वे करीब 50 दिनों तक कोमा में रहे। दुर्घटना में सर्वाइकल की समस्या उत्पन्न होने से उनके हाथ-पांव की कार्यक्षमता प्रभावित हो गई थी। लंबे समय तक विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो पाया था।

**शशिकांत ने जताया आभार**

मुख्यमंत्री से बातचीत और तुरंत मिली चिकित्सकीय सहायता के बाद शशिकांत ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं फोन कर हाल-चाल पूछना और एम्स में इलाज के साथ 4 लाख रुपये की सहायता देना उनके और उनके परिवार के लिए बहुत बड़ा संबल है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | नॉर्दर्न रेलवे के दिल्ली डिवीजन के 11 ABSS स्टेशनों पर कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड और ट्रेन इन्फॉर्मेशन डिस्प्ले बोर्ड लगाने; NNO, SSB, NUR, BVH स्टेशनों पर कोच गाइडेंस सिस्टम लगाने; आनंद विहार रेलवे स्टेशन के नए बने प्लेटफॉर्म पर यात्री सुविधाएं (टेलीकॉम) उपलब्ध कराने; और NDLS स्टेशन के रीडेवलपमेंट के कारण जिन स्टेशनों पर ट्रेन हैंडलिंग सुविधा शुरू की जानी है, वहां IPIS ऑटो अनाउंसमेंट, TIDB आदि लगाने के बचे हुए काम के संबंध में। | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹16,49,65,377.32/- मात्र | धरोहर राशि | ₹32,99,300/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 05.10.2026 15:00 बजे तक | | |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | | |

निविदा संख्या: 558-सिगनल-16-टेली-ओपनटेंडर-1047 दिनाँक: 10.09.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3141/2026

### रायबरेली में कांग्रेस नेता के बयान पर योगी सरकार के मंत्री ने किया करारा पलटवार

# 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी पवित्र योजना पर राहुल का सवाल उठाना मातृशक्ति का अपमानः दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता एवं रायबरेली के सांसद राहुल गांधी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि रायबरेली की दिशा बैठक में राहुल गांधी का जोर जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर उन्हें गति देने के बजाय बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं में खामियां तलाश कर राजनीति करने पर अधिक रहा। मंत्री ने कहा कि बैठक में राहुल गांधी के रवैये से निराशा हुई।

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर सवाल उठाने का आरोप**

**साधा निशाना**

- योगी सरकार की प्राथमिकता जनता की सुरक्षा, सम्मान और विकास है, विपक्ष को निभानी चाहिए रचनात्मक भूमिका

राज्यमंत्री ने कहा कि दिशा बैठक में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने संबंधित अधिकारी से पूछा कि इस योजना में क्या होता है। यदि दिशा समिति के अध्यक्ष को ही योजना की जानकारी नहीं होगी तो उसका अनुश्रवण और समन्वय कैसे होगा। इसके बाद राहुल गांधी



ने योजना के प्रचार-प्रसार पर होने वाले खर्च को जानने पर अधिक जोर दिया। इससे ऐसा लगा कि योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के बजाय उसमें खामी तलाशना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि बेटियों और मातृशक्ति के सम्मान से जुड़ा अभियान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है।

डरो मत कहने वाले राहुल गांधी जनता और मीडिया से क्यों बच रहे? दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी के डरो मत संदेश पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि रायबरेली में उन्होंने सांसद निधि से कराए गए कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास अपने निजी आवास के भीतर से किया, जबकि बाहर के गेट पर ताला लगा रहा। मीडिया प्रतिनिधि सुबह से इंतजार करते रहे, लेकिन राहुल गांधी कैमरे के सामने आकर रायबरेली की जनता को शुभकामनाएं तक नहीं दे सके।

**राहुल को तीन लोग पीछे बैठकर पर्चियों के माध्यम से निर्देश देते रहे**

२राज्यमंत्री ने कटाक्ष किया कि रायबरेली की दिशा बैठक में भी राहुल गांधी सांसद और समिति अध्यक्ष से ज्यादा नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में नजर आए। उनके साथ दिल्ली से आए तीन लोग पीछे बैठकर पर्चियों के माध्यम से निर्देश देते रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में भी राहुल गांधी दूसरे दलों के सहयोग पर निर्भर दिखाई देते हैं।

**योगी सरकार में सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि**

राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में जनता की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार कानून-व्यवस्था को लेकर स्पष्ट नीति के साथ काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था की सराहना देश के साथ विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों द्वारा भी की गई है।

**अखिलेश के बुलंदशहर दौरे पर बोले- सरकार ने किसी को नहीं रोका**

अखिलेश यादव के बुलंदशहर दौरे में हेलीपैड की अनुमति से जुड़े सवाल पर दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रशासन द्वारा अनुमति न मिलना किसी राजनीतिक भय का विषय नहीं है।

**उत्तर रेलवे**

**पहला शुद्धिपत्र**

**टेंडर नं.: 108-SRDEE-G-DLI-2026-27**

**कार्य का नामः-** "ओल्ड दिल्ली स्टेशन पर वॉशिंग कम पिट लाइन (03 संख्या) में 48 V पिट लाइट और कैटवॉक लाइट लगाने का काम और उससे जुड़े अन्य कार्य।"

| टेंडर नं.: 108-SRDEE-G-DLI-2026-27 | | |
|---|---|---|
| | पहले प्रकाशित | संशोधन |
| कार्य का नाम | 108-SRDEE-G-DLI-2026-27 "ओल्ड दिल्ली स्टेशन पर वॉशिंग कम पिट लाइन (03 संख्या) में 48 V पिट लाइट और कैटवॉक लाइट लगाने का काम और उससे जुड़े अन्य कार्य।" | प्रशासनिक आधार पर रद्द कर दिया गया |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 1,04,45,600.00/- | |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य, डीआरएम कार्यालय, दिल्ली मंडल, उत्तरी रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, 110055 | |
| बयाना राशि | रु. 2,08,900.00/- | |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 15.09.2026, 13.00 बजे | |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 15.09.2026, 13.00 बजे | |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है, कृपया www.ireps.gov.in पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3125/2026

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय

यातायात पुलिस दिल्ली

# यातायात निर्देशिका

BRICS
INDIA 2026

BUILDING FOR RESILIENCE, INNOVATION, COOPERATION AND SUSTAINABILITY

अंतरराष्ट्रीय राष्ट्राध्यक्षों, गणमान्य अतिथियों और वैश्विक प्रतिनिधियों का स्वागत



# ब्रिक्स सम्मेलन 2026

11–13 सितंबर 2026 | भारत मंडपम, नई दिल्ली

**डायवर्जन पॉइंट : 22** | **नियंत्रित सड़कें: 35+** | **विस्तृत यातायात एवं वाहन संबंधी नियम लागू**

## वीआईपी काफिलों की सुचारु आवाजाही और आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष यातायात नियम एवं डायवर्जन लागू किए जाएंगे, मुख्यतः नई दिल्ली जिले और आसपास के मार्गों पर।

## 01 नियंत्रित क्षेत्र इन मार्गों से यात्रा न करें

सम्मेलन की अवधि के दौरान वाहन चालकों को निम्नलिखित मार्गों से होकर यात्रा करने की योजना नहीं बनानी चाहिए। आधिकारिक सूचना के साथ विस्तृत मानचित्र भी जारी किया गया है।

| | |
|---|---|
| मथुरा रोड (सुब्रमण्यम भारती मार्ग टी-पॉइंट – लोधी रोड फ्लाईओवर) | ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग |
| | शांति पथ |
| | शेर शाह सूरी मार्ग |
| तीस जनवरी मार्ग | डॉ. ज़ाकिर हुसैन मार्ग |
| जनपथ | तिलक मार्ग |
| सत्य मार्ग | सैन मार्टिन मार्ग |
| पृथ्वी राज रोड | राजेश पायलट मार्ग |
| फ़िरोज़ शाह रोड | अकबर रोड |
| अशोक रोड | सरदार पटेल मार्ग |
| तुग़लक रोड | एपीजे अब्दुल कलाम रोड |
| नीला गुंबद | कौटिल्य मार्ग |
| पंचशील मार्ग | भगवान दास रोड |
| सुब्रमण्यम भारती मार्ग | कमाल अतातुर्क मार्ग |
| मदर टेरेसा क्रिसेंट | कर्तव्य पथ |
| तीन मूर्ति मार्ग | पुराना किला रोड |
| अफ़्रीका एवेन्यू (भीकाजी कामाप्लेस - यशवंत प्लेस) | सफ़दरजंग रोड |
| 'C' हेक्सागन | न्याय मार्ग |




## 03 हवाई अड्डे जाने के लिए सुझाए गए मार्ग

**मेट्रो से यात्रा करने की विशेष सलाह**
यातायात नियमों को देखते हुए वाहन चालकों को मेट्रो सेवा के माध्यम से हवाई अड्डे के टर्मिनलों तक जाने की सलाह दी जाती है।

■ **गुरुग्राम से**
- **T3 / T4 / T2:** NH-48 → राव गजराज सिंह मार्ग → पुरानी दिल्ली गुरुग्राम रोड → UER-II → सर्विस रोड → T3 टर्मिनल रोड
- **T1:** NH-48 → महिपालपुर फ्लाईओवर के नीचे → T-3 रोड
- **T1:** NH-48 → महिपालपुर फ्लाईओवर → NH-48 →उलानबटार मार्ग → T-1रोड

■ **द्वारका से**
- **T3 / T4 / T2 / T1:** सेक्टर-22, द्वारका रोड → UER-II (T3 तक नई सुरंग)

■ **नई दिल्ली एवं दक्षिणी दिल्ली से**
- **T3:** रिंग रोड → एम्स चौक → मोती बाग चौक → RTR मार्ग → शंकर विहार फ्लाईओवर के नीचे →संजय टी-पॉइंट → सर्विस रोड → NH-48 → महिपालपुर फ्लाईओवर के नीचे, रंगपुरी → T-3 रोड
- **T3 / T4 / T2 / T1:** एम्स चौक → रिंग रोड → मोती बाग चौक → RTR मार्ग → शंकर विहार फ्लाईओवर → उलानबटार मार्ग

■ **पश्चिमी दिल्ली से**
- **T3 / T4 / T2 / T1:** पंजाबी बाग चौक → रिंग रोड → राजा गार्डन चौक → नजफगढ़ रोड → पंखा रोड → डाबड़ी → द्वारका रोड → रोड नंबर 224, डाबड़ी-गुरुग्राम रोड → सेक्टर-22, द्वारका रोड → UER-II → सर्विस रोड NH-48 → T3 टर्मिनल रोड

■ **उत्तर एवं पूर्वी दिल्ली से**
- **T3 / T4 / T2 / T1:** आईएसबीटी कश्मीरी गेट → रानी झांसी फ्लाईओवर → रोहतक रोड →पंजाबी बाग चौक → राजा गार्डन चौक → नजफगढ़ रोड → पंखा रोड → डाबड़ी → द्वारका रोड → रोड नंबर 224, डाबड़ी-गुरुग्राम रोड → सेक्टर-22, द्वारका रोड → UER-II → सर्विस रोड NH-48 → T3 टर्मिनल रोड

## 02 रेलवे स्टेशनों के लिए सुझाए गए मार्ग

■ **नई दिल्ली रेलवे स्टेशन**
**मार्ग A:** आईएसबीटी कश्मीरी गेट → बुलेवार्ड रोड → रानी झांसी मार्ग → डीबीजी रोड → पंचकुइयां रोड → कनॉट प्लेस का आउटर सर्कल
**मार्ग B:** आश्रम चौक → रिंग रोड → राजघाट → जेएलएन मार्ग
**मार्ग C:** वंदे मातरम् मार्ग → डॉ. अंबेडकर मार्ग → पंचकुइयां रोड → कनॉट प्लेस का आउटर सर्कल

■ **पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन**
**मार्ग A:** आईएसबीटी कश्मीरी गेट → रिंग रोड → हनुमान मंदिर → एस.पी. मुखर्जी मार्ग
**मार्ग B:** आश्रम चौक → रिंग रोड → राजघाट → रिंग रोड → हनुमान मंदिर → एस.पी. मुखर्जी मार्ग
**मार्ग C:** वंदे मातरम् मार्ग → डॉ. अंबेडकर मार्ग → रानी झांसी मार्ग → रानी झांसी फ्लाईओवर → बुलेवार्ड रोड → लोथीयन मार्ग

■ **हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन**
**मार्ग A:** एम्स → रिंग रोड → आश्रम चौक → मथुरा रोड
**मार्ग B:** आईएसबीटी कश्मीरी गेट → रिंग रोड → राजघाट → रिंग रोड → आश्रम चौक → मथुरा रोड

## 04 परिवहन सेवाएँ

- **बस:** VVIP आवागमन के दौरान आवश्यकतानुसार डायवर्जन लागू किए जा सकते हैं
- **मेट्रो: सभी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए बिना किसी व्यवधान के उपलब्ध रहेगी**
- **टीएसआर / टैक्सी:** केवल निर्धारित स्थानों पर ही पार्किंग करें; VVIP आवागमन के दौरान यातायात डायवर्जन लागू किए जा सकते हैं

## 05 डायवर्जन पॉइंट | वैकल्पिक रास्ते | नियंत्रित क्षेत्र के बाहर

| | | |
|---|---|---|
| 01 | **डॉ. दिनेश नंदिनी डालमिया चौक (डब्ल्यू-पॉइंट)** | **अनुमति नहीं:** मथुरा रोड, तिलक मार्ग<br>**डायवर्जन मार्ग:** बीएसजेड मार्ग → आई.पी. मार्ग – पूर्वी/दक्षिणी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** बीएसजेड मार्ग → दिल्ली गेट – मध्य/उत्तरी/पश्चिमी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** सिकंदरा रोड – नई दिल्ली/कनॉट प्लेस |
| 02 | **राम चरण अग्रवाल चौक (ए-पॉइंट)** | **अनुमति नहीं:** इस चौक से आगे W-पॉइंट तक वाणिज्यिक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा<br>**डायवर्जन मार्ग:** आई.पी. मार्ग – पूर्वी/दक्षिणी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** डीडीयू मार्ग – नई दिल्ली/कनॉट प्लेस<br>**डायवर्जन मार्ग:** बीएसजेड मार्ग → दिल्ली गेट – मध्य/उत्तरी/पश्चिमी दिल्ली |
| 03 | **मीर दर्द चौक** | **अनुमति नहीं:** महाराजा रणजीत सिंह मार्ग<br>**डायवर्जन मार्ग:** मीर दर्द मार्ग → अब्दुल गफ्फार मार्ग → डीडीयू मार्ग – नई दिल्ली/मध्य/ उत्तरी/पश्चिमी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** मीर दर्द मार्ग → कोटला मार्ग → बीएसजेड मार्ग/डीडीयू मार्ग – उत्तरी/ मध्य/ पूर्वी/ पश्चिमी/दक्षिणी दिल्ली |
| 04 | **कस्तूरबा गांधी मार्ग / आउटर सर्कल, कनॉट प्लेस** | **अनुमति नहीं:** C-हेक्सागन और कनॉट प्लेस के आउटर सर्कल की ओर<br>**डायवर्जन मार्ग:** आउटर सर्कल → जनपथ को छोड़कर अन्य सभी प्रमुख मार्ग – नई दिल्ली/ दक्षिणी दिल्ली |
| 05 | **जनपथ / कनॉट प्लेस** | **अनुमति नहीं:** कनॉट प्लेस के आउटर सर्कल से C-हेक्सागन की ओर<br>**डायवर्जन मार्ग:** आउटर सर्कल → कस्तूरबा गांधी मार्ग को छोड़कर अन्य सभी प्रमुख मार्ग – नई दिल्ली/ दक्षिणी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** काली बाड़ी, शहीद भगत सिंह, पंचकुइयां, मिंटो एवं बाराखंभा रोड – मध्य/उत्तरी/ पश्चिमी/पूर्वी दिल्ली |
| 06 | **पटेल चौक** | **अनुमति नहीं:** संसद मार्ग पर विंडसर प्लेस एवं आरबीआई की ओर<br>**डायवर्जन मार्ग:** अशोका रोड → जीपीओ – नई दिल्ली/ दक्षिणी/पश्चिमी/मध्य दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** संसद मार्ग → कनॉट प्लेस – मध्य/ उत्तरी/पश्चिमी/पूर्वी दिल्ली |
| 07 | **आरएमएल अस्पताल गोलचक्कर** | **अनुमति नहीं:** मदर टेरेसा क्रिसेंट एवं तालकटोरा रोड की ओर<br>**डायवर्जन मार्ग:** शेख मुजीबुर रहमान मार्ग – मध्य/ दक्षिणी/पश्चिमी/उत्तरी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** बाबा खड़क सिंह मार्ग – कनॉट प्लेस/ पश्चिमी/उत्तरी/मध्य/पूर्वी दिल्ली |
| 08 | **वंदे मातरम् मार्ग / साइमन बोलिवार मार्ग** | **अनुमति नहीं:** साइमन बोलिवार मार्ग<br>**डायवर्जन मार्ग:** वंदे मातरम् मार्ग → धौला कुआँ – दक्षिणी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** वंदे मातरम् मार्ग → करोल बाग – नई दिल्ली/पूर्वी/उत्तरी/पश्चिमी/मध्य दिल्ली |
| 09 | **धौला कुआँ फ्लाईओवर** | **अनुमति नहीं:** सरदार पटेल मार्ग<br>**डायवर्जन मार्ग:** रिंग रोड (दोनों ओर) – दक्षिणी/ नई दिल्ली/पूर्वी दिल्ली एवं मध्य/पश्चिमी/ पूर्वी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** वंदे मातरम् मार्ग – नई दिल्ली/उत्तरी/ मध्य/पूर्वी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** NH-48/गुड़गांव रोड – आईजीआई हवाई अड्डा एवं गुरुग्राम |
| 10 | **मोती बाग फ्लाईओवर** | **अनुमति नहीं:** शांति पथ<br>**डायवर्जन मार्ग:** रिंग रोड (दोनों ओर) – दक्षिणी/ नई दिल्ली/पूर्वी दिल्ली एवं मध्य/पश्चिमी/पूर्वी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** राव तुला राम मार्ग – दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली, आईजीआई हवाई अड्डा एवं गुरुग्राम |
| 11 | **ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग गोलचक्कर** | **अनुमति नहीं:** अफ्रीका एवेन्यू से यशवंत प्लेस की ओर।<br>**डायवर्जन मार्ग:** ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग – नई दिल्ली/दक्षिणी/पूर्वी जिला<br>**डायवर्जन मार्ग:** अफ्रीका एवेन्यू → भीकाजी कामा फ्लाईओवर – दक्षिणी/पूर्वी/ मध्य/उत्तरी/ पश्चिमी दिल्ली |
| 12 | **मदरसा टी-पॉइंट** | **अनुमति नहीं:** अरबिंदो मार्ग की ओर<br>**डायवर्जन मार्ग:** लोधी रोड – दक्षिणी/पूर्वी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** अरबिंदो मार्ग → सफदरजंग फ्लाईओवर – दक्षिणी/नई दिल्ली/पश्चिमी/ मध्य/उत्तरी दिल्ली |
| 13 | **लोधी रोड / अमृता शेरगिल मार्ग** | **अनुमति नहीं:** अमृता शेरगिल मार्ग<br>**डायवर्जन मार्ग:** लोधी रोड – दक्षिणी/पूर्वी/पश्चिमी/मध्य/ उत्तरी/नई दिल्ली |
| 14 | **लोधी रोड / मैक्स म्यूलर मार्ग** | **अनुमति नहीं:** मैक्स म्यूलर मार्ग<br>**डायवर्जन मार्ग:** लोधी रोड – दक्षिणी/पूर्वी/पश्चिमी/मध्य/ उत्तरी/नई दिल्ली |
| 15 | **लोधी रोड / महर्षि रमण मार्ग** | **अनुमति नहीं:** महर्षि रमण मार्ग<br>**डायवर्जन मार्ग:** लोधी रोड – दक्षिणी/पूर्वी/पश्चिमी/मध्य/ उत्तरी/नई दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** भीष्म पितामह मार्ग – दक्षिणी दिल्ली |
| 16 | **लोधी रोड / आर्च बिशप माकारियस मार्ग** | **अनुमति नहीं:** आर्च बिशप माकारियस मार्ग<br>**डायवर्जन मार्ग:** लोधी रोड – दक्षिणी/पूर्वी/पश्चिमी/मध्य/ उत्तरी/नई दिल्ली |
| 17 | **लोधी फ्लाईओवर के नीचे** | **अनुमति नहीं:** मथुरा रोड से भारत मंडपम की ओर।<br>**डायवर्जन मार्ग:** लोधी रोड → नीला गुंबद – दक्षिणी/ पूर्वी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** बारापुल्ला फ्लाईओवर – पूर्वी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** लोधी रोड → मदरसा / लाला लाजपत राय मार्ग → दक्षिणी/पश्चिमी/मध्य/ उत्तरी/नई दिल्ली |
| 18 | **नीला गुंबद** | **अनुमति नहीं:** ओबेरॉय फ्लाईओवर / डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग की ओर<br>**डायवर्जन मार्ग:** मथुरा रोड – आश्रम चौक – दक्षिणी/ पूर्वी/मध्य/उत्तरी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** लोधी रोड – दक्षिणी/पश्चिमी/मध्य/ उत्तरी/नई दिल्ली |
| 19 | **ओबेरॉय फ्लाईओवर के नीचे** | **अनुमति नहीं:** मथुरा रोड<br>**डायवर्जन मार्ग:** डीपीएस मथुरा रोड के सामने अंडरपास में यू-टर्न लेकर लोधी फ्लाईओवर से – दक्षिणी/ पूर्वी/पश्चिमी/मध्य/उत्तरी/नई दिल्ली<br>**अनुमति है: ओबेरॉय होटल और गोल्फ लिंक जाने वाले वाहनों को** |
| 20 | **डीपीएस, मथुरा रोड के सामने यू-टर्न** | **अनुमति नहीं:** भारत मंडपम की ओर<br>**डायवर्जन मार्ग:** डीपीएस मथुरा रोड के सामने अंडरपास में यू-टर्न लेकर लोधी फ्लाईओवर से – दक्षिणी/पूर्वी/पश्चिमी/मध्य/उत्तरी/नई दिल्ली |
| 21 | **रिंग रोड / भैरों रोड** | **अनुमति नहीं:** भैरों मार्ग की ओर<br>**डायवर्जन मार्ग:** रिंग रोड, सराय काले खाँ – दक्षिणी/पूर्वी/ नई दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** रिंग रोड, राजघाट – मध्य/उत्तरी/पूर्वी/ पश्चिमी दिल्ली |
| 22 | **मंडी हाउस** | **अनुमति नहीं:** फिरोज शाह रोड, भगवान दास रोड, कॉपरनिक्स मार्ग<br>**डायवर्जन मार्ग:** बाराखंभा रोड – नई दिल्ली/मध्य/उत्तरी/ पश्चिमी/दक्षिणी दिल्ली<br>**डायवर्जन मार्ग:** सिकंदरा मार्ग – पूर्वी/उत्तरी/पश्चिमी/ दक्षिणी/मध्य दिल्ली |

## 06 महत्वपूर्ण निर्देश एवं जनसामान्य के लिए सलाह

**प्राथमिकता वाले मार्ग एवं छूट**
- **आपातकालीन एवं चिकित्सा वाहन:** दिल्ली भर में 24×7 प्राथमिकता एवं बिना किसी बाधा के आवागमन सुनिश्चित किया जाएगा
- **आवश्यक सेवाएँ एवं उपयोगिताएँ:** सभी क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और उपयोगिता सेवाओं के संचालन के लिए निर्बाध आवागमन की सुविधा उपलब्ध रहेगी

**यात्रा योजना एवं सार्वजनिक परिवहन**
- **परिवहन केंद्र:** हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों और आईएसबीटी की ओर जाते समय यात्रा के लिए अतिरिक्त समय रखें
- **सार्वजनिक परिवहन एवं मार्ग:** सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दें तथा निर्धारित वैकल्पिक मार्गों और डायवर्जन पॉइंट का पालन करें
- **वाणिज्यिक यातायात:** जिन वाणिज्यिक वाहनों का गंतव्य दिल्ली नहीं है, उनके दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा

**यातायात नियम एवं पार्किंग**
- **निर्धारित पार्किंग:** केवल अधिकृत स्थानों पर ही वाहन पार्क करें; नियंत्रित मार्गों के 200 मीटर के दायरे में सड़क किनारे पार्किंग सख्त रूप से प्रतिबंधित है
- **सड़क अनुशासन:** तैनात यातायात कर्मियों के निर्देशों का पालन करें और धैर्यपूर्वक सभी यातायात नियमों का पालन करें

**जनसुरक्षा एवं नवीनतम जानकारी**
- **सुरक्षा सतर्कता:** किसी भी अज्ञात वस्तु या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत निकटतम पुलिसकर्मी को दें
- **रियल-टाइम जानकारी:** दिल्ली पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों और ट्रैफिक पोर्टल के माध्यम से नवीनतम जानकारी से अपडेट रहें

**सभी के सुगम आवागमन एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आमजन से सहयोग की अपील की जाती है।**

BRICS समिट-2026 के लिए ट्रैफ़िक एडवाइज़री हेतु QR कोड स्कैन करें

DP/9916/2026

## संपादकीय

# जल बचाने की मुहिम में जनभागीदारी जरूरी

**भारत** में पानी की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। कई इलाकों में भूजल स्तर नीचे जा रहा है, तालाब और कुएं सूख रहे हैं तथा खेती और पीने के पानी के लिए भूजल पर निर्भरता बढ़ रही है। ऐसे समय में पानी बचाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं हो सकती। इसमें आम लोगों की भागीदारी भी जरूरी है। इसी सोच के साथ जल संचय जन भागीदारी अभियान शुरू किया गया है। 6 सितंबर 2024 को शुरू किए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बारिश के पानी को बचाना, भूजल स्तर बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर पानी के स्त्रोतों को मजबूत करना है। इसके तहत कम खर्च में जल संरक्षण की संरचनाएं बनाने, पुराने और बंद पड़े नलकूपों को फिर से उपयोगी बनाने तथा स्थानीय जरूरत के अनुसार जल संरक्षण के उपाय करने पर जोर दिया जा रहा है। इस अभियान की खास बात यह है कि इसमें सरकार के साथ आम जनता, पंचायतें, सामाजिक संगठन और कंपनियां भी जुड़ सकती हैं। इसका आधार तीन सी हैं- समुदाय, कंपनियों का सामाजिक दायित्व और लागत। यानी समुदाय की भागीदारी, कंपनियों की सामाजिक जिम्मेदारी और कम खर्च में जल संरक्षण। इससे जल संरक्षण को केवल सरकारी योजना न बनाकर जन-अभियान बनाने की कोशिश की जा रही है। इस दिशा में बड़ी संख्या में जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गई हैं। पहले चरण के तहत मई 2025 तक देश में 27 लाख से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गईं। इसके बाद जून 2025 में दूसरा चरण शुरू किया गया। मई 2026 तक डेढ़ करोड़ से अधिक भूजल पुनर्भरण संरचनाएं बनाई जा चुकी थीं। 3 सितंबर 2026 तक यह संख्या एक करोड़ 58 लाख से अधिक हो गई। यह आंकड़ा बताता है कि देश में जल संरक्षण को बड़े स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। केवल संरचनाएं बना देना काफी नहीं है। उनका सही स्थान पर बनना, नियमित रखरखाव और सही उपयोग भी जरूरी है। यदि बारिश का पानी इन संरचनाओं तक पहुंचे ही नहीं या कुछ वर्षों बाद वे मिट्टी और कचरे से भर जाएं तो उनका उद्देश्य पूरा नहीं होगा। इसलिए स्थानीय लोगों को इनके रखरखाव की जिम्मेदारी भी लेनी होगी। भारत में पानी बचाने की परंपरा पहले से रही है। गांवों में तालाब, कुएं, बावड़ियां, जोहड़ और छोटे बांध लोगों की जरूरत पूरी करते थे। हरियाणा और राजस्थान सहित देश के कई हिस्सों में आज भी पुराने जल स्त्रोत इसकी याद दिलाते हैं। आधुनिक विकास के दौरान हमने इन स्त्रोतों की उपेक्षा की और भूजल का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल शुरू कर दिया। अब समय है कि पुरानी समझ को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ा जाए। इसी उद्देश्य से जल संचय जन भागीदारी को वर्षा जल संचयन अभियान से भी जोड़ा गया है। जून 2026 में इसे जल शक्ति अभियान–वर्षा जल संचयन के साथ मिलाकर नया रूप दिया गया। इसका सीधा संदेश है- बारिश की हर बूंद को व्यर्थ बहने से रोकना और उसे जमीन में पहुंचाना।

# साझा नागरिकता राष्ट्र निर्माण में भारतीय मुस्लिम की भूमिका

अल्ताफ मीर

> ये मूल्य रोजमर्रा के व्यवहार के माध्यम से सार्थक हो जाते हैं। दूसरों की गरिमा का सम्मान करना, कानून का पालन करना, पूर्वाग्रह को अस्वीकार करना और लोकतांत्रिक जीवन में रचनात्मक रूप से भाग लेना सभी नागरिकों द्वारा साझा की जाने वाली जिम्मेदारियां हैं। भारतीय मुसलमान, हर दूसरे समुदाय की तरह, नागरिक गतिविधियों में भाग लेकर, संवाद को प्रोत्साहित करके और युवाओं के बीच ज़िम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा देकर लोकतांत्रिक संस्कृति को मजबूत कर सकते हैं। डिजिटल युग ने नागरिकता में एक और आयाम जोड़ा है

**भारत** दुनिया के सबसे विविध देशों में से एक है, जिसमें विभिन्न धर्मों, भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं के लोग हैं। यह विविधता सदियों से विकसित हुई है, जिसमें समुदायों ने देश के सामाजिक, आर्थिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक जीवन में योगदान दिया है। भारतीय मुसलमान इस इतिहास का अभिन्न अंग हैं। उनका योगदान वास्तुकला, साहित्य, व्यापार, शिक्षा, लोक प्रशासन और स्वतंत्रता संग्राम में देखा जा सकता है। जैसे-जैसे भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ता है, सवाल केवल यह नहीं है कि भारतीय मुसलमान देश के भविष्य में कैसे फिट होते हैं, बल्कि वे एक मजबूत, समावेशी और समृद्ध भारत में और कैसे योगदान दे सकते हैं। साझा नागरिकता का विचार इस ज़िम्मेदारी को देखने का एक महत्वपूर्ण तरीका प्रदान करता है। इसका मतलब है कि धर्म, भाषा, जाति या क्षेत्र की परवाह किए बिना प्रत्येक नागरिक के पास समान अधिकार और जिम्मेदारियां हैं। नागरिकता केवल अधिकारों का आनंद लेने के बारे में नहीं है। यह समाज में भाग लेने, दूसरों की सेवा करने और देश की प्रगति में योगदान करने के बारे में भी है। भारतीय मुसलमानों के लिए, इसका मतलब शिक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक सेवा, सार्वजनिक जीवन और सामुदायिक कल्याण में सक्रिय भूमिका निभाना है। शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है जिसमें समुदाय योगदान कर सकता है। आज के भारत में, बेहतर रोजगार, आर्थिक अवसर और नेतृत्व के लिए शिक्षा आवश्यक है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वैज्ञानिक सोच, पेशेवर पाठ्यक्रम और तकनीकी कौशल पर अधिक जोर देने से युवाओं को बेहतर भविष्य बनाने में मदद मिल सकती है। मुस्लिम समुदाय के शिक्षक, शोधकर्ता, विद्वान और पेशेवर भी भारत के बौद्धिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इसलिए, शिक्षा का समर्थन करने से न केवल व्यक्तियों और परिवारों को बल्कि पूरे समाज को



लाभ होता है।

आर्थिक भागीदारी समान रूप से महत्वपूर्ण है। मुस्लिम उद्यमी, कारीगर, व्यापारी, पेशेवर और श्रमिक देश भर में स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में योगदान करते हैं। उद्यमिता, नई तकनीक, नवाचार और आधुनिक कौशल के लिए अधिक समर्थन अधिक रोजगार और आर्थिक अवसर पैदा कर सकता है। युवाओं को व्यापक अर्थव्यवस्था में योगदान देते हुए अपने समुदायों की सेवा करने वाले व्यवसायों और उद्यमों को स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। आर्थिक ताकत भी लोगों को सार्वजनिक और सामाजिक जीवन में अधिक आत्मविश्वास से भाग लेने में सक्षम बनाती है। सामाजिक सेवा योगदान का एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इस्लामी शिक्षाओं में दान और जरूरतमंद लोगों की मदद करने का एक मजबूत स्थान है, और कई व्यक्ति और संगठन पहले से ही शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कल्याण में काम करते हैं। इस तरह के प्रयासों का अधिक प्रभाव हो सकता है जब वे सामुदायिक सीमाओं से परे लोगों तक पहुंचते हैं। छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम, कौशल प्रशिक्षण और वंचित परिवारों के लिए सहायता समाज के विभिन्न वर्गों के बीच विश्वास और सहयोग बनाने में मदद कर सकती है। समाज की सेवा तब अधिक सार्थक हो जाती है जब वह धार्मिक या सामाजिक मतभेदों के बजाय करुणा द्वारा निर्देशित होती है।

एक समावेशी भारत के लिए अपने विविध समुदायों के बीच अधिक बातचीत की आवश्यकता है। बहुलवाद केवल साथ-साथ रहने वाले विभिन्न समुदायों के बारे में नहीं है। इसका मतलब एक दूसरे के साथ संवाद करना, एक साथ काम करना और एक दूसरे से सीखना भी है। भारतीय मुसलमान लंबे समय से भारत के साझा सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन का हिस्सा रहे हैं। इस परंपरा को पड़ोस, स्कूलों, कार्यस्थलों और नागरिक संस्थानों में बातचीत और नियमित बातचीत के माध्यम से मजबूत किया जा सकता है। सामाजिक सद्भाव तब बढ़ता है जब लोग एक दूसरे को अलग-अलग समूहों के बजाय साथी नागरिकों के रूप में देखते हैं।

संविधान स्वतंत्रता, समानता, न्याय और भाईचारे के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से इस साझा नागरिकता के लिए एक सामान्य आधार प्रदान करता है।

ये मूल्य रोजमर्रा के व्यवहार के माध्यम से सार्थक हो जाते हैं। दूसरों की गरिमा का सम्मान करना, कानून का पालन करना, पूर्वाग्रह को अस्वीकार करना और लोकतांत्रिक जीवन में रचनात्मक रूप से भाग लेना सभी नागरिकों द्वारा साझा की जाने वाली जिम्मेदारियां हैं। भारतीय मुसलमान, हर दूसरे समुदाय की तरह, नागरिक गतिविधियों में भाग लेकर, संवाद को प्रोत्साहित करके और युवाओं के बीच ज़िम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा देकर लोकतांत्रिक संस्कृति को मजबूत कर सकते हैं। डिजिटल युग ने नागरिकता में एक और आयाम जोड़ा है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने लोगों के लिए संवाद करना और जानकारी का आदान-प्रदान करना आसान बना दिया है। साथ ही, झूठी जानकारी, रूढ़ियाँ और विभाजनकारी सामग्री तेजी से ऑनलाइन फैल सकती है। इसलिए सोशल मीडिया का ज़िम्मेदार उपयोग महत्वपूर्ण है। नागरिकों को इसे साझा करने से पहले जानकारी को सत्यापित करना चाहिए, अपमानजनक या भड़काऊ सामग्री से बचना चाहिए और सम्मानजनक चर्चा में शामिल होना चाहिए।

साझा नागरिकता का विचार अंततः एक सरल सिद्धांत पर निर्भर करता है: किसी भी समुदाय की प्रगति समग्र रूप से देश की प्रगति से निकटता से जुड़ी होती है। भारतीय मुसलमानों के पास एक समृद्ध विरासत है और भारत में योगदान का एक लंबा रिकॉर्ड है। शिक्षा, उद्यमिता, महिलाओं की भागीदारी, सामाजिक सेवा, सामुदायिक संबंधों और संवैधानिक मूल्यों पर अधिक ध्यान देकर, वे देश के भविष्य में और भी मजबूत योगदान दे सकते हैं।

यह भागीदारी समान नागरिकता की एक स्वाभाविक अभिव्यक्ति है। समावेशी भारत का निर्माण अकेले सरकारों द्वारा नहीं किया जा सकता है। इसके लिए उन नागरिकों की आवश्यकता होती है जो समझते हैं कि उनकी अपनी प्रगति देश की प्रगति से जुड़ी है। लक्ष्य एक ऐसा समाज होना चाहिए जिसमें विविधता का सम्मान किया जाए और प्रत्येक नागरिक के पास गरिमा, अवसर और भारत के साझा भविष्य में योगदान करने का उचित मौका हो।


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# कनाडा के रुख से भड़का ईरान

(वीपी राहुल-हिफी फीचर)

**ईरान** और पश्चिमी देशों के बीच तनाव एक बार फिर रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बढ़ता दिखाई दे रहा है। ईरान ने कनाडा पर अमेरिका के दबाव के आगे झुकने और वॉशिंगटन को खुश करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। तेहरान की यह नाराजगी कनाडा की उस नीति के बाद सामने आई है, जिसमें ओटावा ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को लेकर ईरान पर दबाव बनाए रखने और उसकी क्षेत्रीय गतिविधियों की आलोचना की है।

कनाडा सरकार ने हाल ही में ईरान की गतिविधियों को अस्थिरता बढ़ाने वाला बताते हुए उसकी आलोचना की। कनाडा का कहना है कि हॉर्मुज से गुजरने वाले जहाजों को ईरान की ओर से दी जा रही धमकियां वैश्विक शांति और सुरक्षा को नुकसान पहुंचा रही हैं। कनाडा ने यह भी कहा है कि वह अपने सहयोगी देशों, विशेष रूप से जी7 के साथ मिलकर ईरान पर दबाव बनाए रखना जारी रखेगा। ईरान ने कनाडा के इस रुख को स्वतंत्र विदेश नीति के बजाय अमेरिका के दबाव के आगे आत्मसमर्पण के रूप में देखा है। तेहरान का आरोप है कि कनाडा ने क्षेत्रीय परिस्थितियों को विकृत तरीके से पेश किया है और अमेरिका की रणनीति को मजबूत करने की कोशिश की है। ईरानी पक्ष के अनुसार, हॉर्मुज को लेकर किसी भी चर्चा में क्षेत्र की वास्तविक सुरक्षा परिस्थितियों और ईरान की संप्रभुता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

इस पूरे विवाद को समझने के लिए हॉर्मुज जलडमरूमध्य के महत्व को समझना जरूरी है। फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित यह संकरा समुद्री मार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक है। खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाले तेल और गैस के बड़े हिस्से की अंतरराष्ट्रीय आवाजाही इसी रास्ते से होती है। इसलिए यहां सैन्य तनाव या जहाजों की आवाजाही में किसी भी तरह की बाधा का असर केवल ईरान और अमेरिका तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका सीधा प्रभाव वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ सकता है। इसी वजह से पिछले कुछ समय से हॉर्मुज को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच टकराव ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों की चिंता बढ़ाई है। हालिया घटनाक्रम में दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव फिर बढ़ा है और जहाजों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है। ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि यदि उसके ठिकानों या हितों पर हमला जारी रहता है तो खाड़ी क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ऊर्जा परिसंपत्तियां भी जोखिम में आ सकती हैं।

ईरान का रुख लगातार यही रहा है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उसकी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। तेहरान ने संकेत दिया है कि यदि अमेरिका उसके खिलाफ सैन्य और आर्थिक दबाव जारी रखता है, तो वह जलडमरूमध्य में अपनी रणनीतिक स्थिति का इस्तेमाल जवाबी दबाव के लिए कर सकता है।

## विचार

# योगी की चुनाव तैयारी

(अशोक त्रिपाठी-हिफी फीचर)

**पांच** राज्यों के साथ 2027 में उत्तर प्रदेश में होने वाले चुनाव सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। इसका एक कारण है 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का फीका प्रदर्शन और दूसरा कारण राम मंदिर चढ़ावा जैसे मामले हैं। इसलिए योगी आदित्यनाथ प्रदेश में हैट्रिक लगाने के लिए चुनाव की बहुमुखी तैयारी कर रहे हैं। विभिन्न नगरों के विकास की योजनाएं बन रही हैं और सभी वर्गों को साधने का प्रयास भी हो रहा है। इसी क्रम में योगी सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया और कैशलेस इलाज देने की सुविधा का ऐलान भी किया है। योगी सरकार ने बुजुर्गों के लिए एक नई और विशेष रेंटल हाउसिंग नीति लाने का संकेत भी दिया है। गत दिनों यूपी के चुनाव प्रभारी विनोद तावड़े ने बूथ को मजबूत करने और सभी जातियों को साधे रहने का मंत्र दिया था। यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा ने एक आंतरिक सर्वे कराया है जिसके आधार पर 2027 में कई विधायकों के टिकट भी काटे जा सकते हैं।

इस प्रकार भाजपा यूपी में हैट्रिक लगाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है और योगी आदित्यनाथ की सरकार भी सभी वर्गों तक पहुंच बनाने के लिए प्रयास कर रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार बुजुर्गों के लिए एक नई और विशेष रेंटल हाउसिंग नीति लाने की तैयारी कर रही है। इस नीति का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित, सम्मानजनक और किफायती आवास उपलब्ध कराना है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग ने इसके लिए नौ सदस्यीय समिति का गठन किया है, जो नीति का प्रारूप तैयार कर सरकार को अपनी सिफारिशें देगी। प्रस्तावित योजना के तहत जरूरतमंद बुजुर्गों को कम किराये पर मकान उपलब्ध कराने की व्यवस्था होगी। सरकार का मानना है कि वृद्धावस्था में किसी भी वरिष्ठ नागरिक को आवास के लिए भटकना न पड़े और उसे सुरक्षित रहने का विकल्प मिल सके।

इस प्रकार भाजपा यूपी में हैट्रिक लगाने को पूरी ताकत झोंक रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले एक-डेढ़ महीने में ही राज्य के ज्यादातर जिलों का दौरा कर विकास परियोजनाओं की झड़ी लगा दी है। वर्ष 2022 की जीत की बात करें तो 1985 के बाद यूपी में यह पहला मौका था जब किसी मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी ने लगातार दूसरी बार पूरे बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की थी। वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित है। अखिलेश यादव जहां पीडीए के सामाजिक समीकरणों पर ध्यान केंद्रित किए हैं, वहीं कांग्रेस दलित-मुस्लिम वोटों को एकजुट करके अपना जनाधार बढ़ाने में जुटी है। सन 2022 विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 255, अपना दल (सोनेलाल) को 12, निषाद पार्टी को 6 और एनडीए को 273 सीटें मिली थीं। प्रदेश में कुल सीटें 403 हैं और बहुमत 202 पर मिलता है।

उत्तर प्रदेश में मोदी-योगी लहर को कायम रखते हुए भाजपा को अकेले 41.29 प्रतिशत वोट मिले थे। भाजपा का पिछले चुनाव में अपना दल सोनेलाल, निषाद पार्टी जैसे दलों के साथ गठबंधन रहा है। अब एनडीए के खेमे में पश्चिमी उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय लोकदल शामिल है। एनडीए का सपा-कांग्रेस गठबंधन से मुख्य मुकाबला होना तय है। मायावती की बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी, एआईएमआईएम जैसे दल भी ताल ठोकने को तैयार हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अब छह महीने से भी कम वक्त बचा है। इस चुनाव में 10 साल से सत्तारूढ़ योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली भाजपा सरकार के सामने हैट्रिक लगाने की चुनौती है। भाजपा ने स्थानीय विधायकों के कामकाज और लोकप्रियता का सर्वे कराते हुए जनता का मूड भांपने की कोशिश की है। माना जाता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव से लगे झटके से सबक लेकर भाजपा ने 403 विधानसभा सीटों पर एक गोपनीय और बहुस्तरीय आंतरिक सर्वे कराया है।

इस सर्वे रिपोर्ट ने सत्ता के गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। इस सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, यूपी में करीब 125 से 128 मौजूदा विधायकों के खिलाफ उनके ही क्षेत्रों में जबर्दस्त एंटी इनकंबेंसी है। सीधे तौर पर कहें तो भाजपा में 128 सीटों पर मौजूदा विधायकों का टिकट काटा या बदला जा सकता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।



वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## आलेख

# दिल्ली में छात्रावास हादसा

(वीपी राहुल-हिफी फीचर)

देश की राजधानी दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में छात्रावास की इमारत ढहने से सात लोगों की मौत ने अवैध निर्माण, संपत्ति के लालच और भवन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे के बाद दिल्ली पुलिस ने निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे श्रमिक ठेकेदार सानोज को उत्तर प्रदेश के कासगंज से हिरासत में लिया और उसे दिल्ली लाया गया। पुलिस की जांच अब इस बात पर केंद्रित है कि आखिर वह कौन-कौन सी परिस्थितियां थीं, जिनके कारण एक निमार्णाधीन इमारत अचानक ढह गई और सात लोगों की जान चली गई।

मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, भवन मालिक हरिराम गुप्ता और उनके भाई पर आरोप है कि उन्होंने अधिक किराया हासिल करने के उद्देश्य से पुराने भवन के ऊपर चार अतिरिक्त मंजिलों का निर्माण कराया। प्राथमिकी में यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्हें इस बात की जानकारी थी कि पुरानी इमारत की नींव अतिरिक्त भार उठाने की स्थिति में नहीं थी। अगर जांच में यह आरोप सही साबित होता है तो यह केवल निर्माण संबंधी गलती नहीं होगी, बल्कि आर्थिक लाभ के लिए लोगों की सुरक्षा को नजरअंदाज करने का गंभीर मामला माना जाएगा। इस हादसे का सबसे चिंताजनक पहलू यही है कि किसी भी बहुमंजिला इमारत में निर्माण या विस्तार से पहले उसकी संरचनात्मक क्षमता का आकलन किया जाना बेहद जरूरी होता है। पुरानी इमारत के ऊपर अतिरिक्त मंजिलें जोड़ने से उसका भार कई गुना बढ़ सकता है। ऐसे में नींव, बीम, कॉलम और भार वहन करने वाली दीवारों की तकनीकी जांच के बिना निर्माण करना गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। सत्य निकेतन की घटना ने यह सवाल खड़ा किया है कि क्या इस तरह के निर्माण की निगरानी करने वाली व्यवस्था प्रभावी ढंग से काम कर रही थी।पुलिस पूछताछ में महेश गुप्ता ने बताया कि उनके माता-पिता हरिराम और उर्मिला की ओर से वह आवास का प्रबंधन कर रहे थे। उसके अनुसार, अगस्त 2025 में इस इमारत को हॉस्टल डेज नाम के पीजी संचालक को पट्टे पर दिया गया था।

# 6जी की दौड़ में भारत की बड़ी छलांग

(वीपी राहुल-हिफी फीचर)

दुनिया अभी पूरी तरह 5जी की संभावनाओं का इस्तेमाल भी नहीं कर पाई है, लेकिन तकनीकी महाशक्तियों के बीच अगली पीढ़ी के 6जी नेटवर्क की तैयारी तेज हो चुकी है। इसी बदलती वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बीच भारत ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अमेरिका और 24 अन्य देशों के साथ उस अंतरराष्ट्रीय पहल में शामिल होने का फैसला किया है, जिसका उद्देश्य अगली पीढ़ी के दूरसंचार नेटवर्क के विकास और दिशा को प्रभावित करना है। यह पहल केवल तेज इंटरनेट की दौड़ नहीं है, बल्कि आने वाले वर्षों की डिजिटल अर्थव्यवस्था, तकनीकी सुरक्षा, औद्योगिक प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक शक्ति से जुड़ा बड़ा मुद्दा है।इस घटनाक्रम की जानकारी अमेरिकी वाणिज्य विभाग की ओर से दी गई। यह घोषणा उस समय हुई जब वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने जी20 नवाचार मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक से मुलाकात की। दोनों के बीच 6जी तकनीक के भविष्य पर चर्चा हुई। इसके बाद अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने कहा कि भारत अब अमेरिका और 24 अन्य देशों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के प्रयास का हिस्सा है कि अगली पीढ़ी के नेटवर्क साझा सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए विकसित हों, देशों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता मजबूत करें और 6जी में नवाचार को बढ़ावा दें।

भारत के लिए इस पहल का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि दूरसंचार अब केवल संचार का माध्यम नहीं रह गया है। मोबाइल नेटवर्क से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वायत्त वाहन, रोबोटिक्स, रक्षा प्रणालियों, स्मार्ट शहरों, औद्योगिक स्वचालन और इंटरनेट ऑफ थिंग्स तक, आने वाली अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा अत्याधुनिक संचार ढांचे पर निर्भर करेगा। ऐसे में जिस देश के पास नेटवर्क की तकनीक, मानक और आपूर्ति श्रृंखला पर अधिक प्रभाव होगा, उसके पास भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था में भी अधिक रणनीतिक ताकत होगी।

5जी ने मोबाइल इंटरनेट की गति और क्षमता को एक नई दिशा दी लेकिन 6जी का लक्ष्य केवल उससे अधिक तेज इंटरनेट उपलब्ध कराना नहीं माना जा रहा है।

# उद्यमियों को 311.25 करोड़ की प्रोत्साहन राशि जारी

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 670 लाभार्थियों को जारी की पहली किस्त, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत 670 लाभार्थियों को राशि जारी की गई।

**ई- कुबेर**

**670 लाभार्थियों को कुल 311 करोड़ 25 लाख रुपये की पहली प्रोत्साहन राशि ई-कुबेर (कोषागार) के माध्यम से जारी की**




हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को वित्तीय सहायता वितरित करते हुए। (10.09.2026)



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट घोषणा के अनुरूप प्रोत्साहनों के वितरण में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए एमएसएमई निदेशालय और उद्योग एवं वाणिज्य निदेशालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 670 लाभार्थियों को कुल 311 करोड़ 25 लाख रुपये की पहली प्रोत्साहन राशि ई-कुबेर (कोषागार) के माध्यम से जारी की। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को हरियाणा निवास में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि बजट प्रस्तुत करते समय घोषणा की गई थी कि इन्वेस्ट हरियाणा पोर्टल पर आवेदन जमा करने और आवश्यक जांच पूरी होने के बाद पात्र प्रोत्साहन राशि का 50 प्रतिशत सात कार्य दिवसों के भीतर अग्रिम रूप से जारी किया जाएगा। शेष 50 प्रतिशत पात्र प्रोत्साहन राशि आवेदन की विस्तृत जांच पूरी होने के बाद 45 कार्य दिवसों के भीतर जारी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी इस प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रोत्साहनों का समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने, उद्यमियों को हर संभव सहयोग देने और हरियाणा में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रोत्साहनों का समय पर वितरण उद्यमों के लिए महत्वपूर्ण है और इससे प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

हरियाणा की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, रोजगार सृजित करने और प्रदेशवासियों के लिए नए अवसर पैदा करने में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), मेगा एवं बड़े उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जारी की गई प्रोत्साहन राशि में एमएसएमई विभाग की हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति के तहत 539 लाभार्थियों को 45.44 करोड़ रुपये, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और रिटेल नीति के तहत चार लाभार्थियों को 9.29 करोड़ रुपये तथा उद्योग निदेशालय की हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति के तहत 16 लाभार्थियों को 144.16 करोड़ रुपये शामिल हैं।

इसके अलावा, प्लग एंड प्ले योजना के तहत 10 लाभार्थियों को 24.53 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई। आत्मनिर्भर टेक्सटाइल नीति के तहत 98 लाभार्थियों को 65.18 करोड़ रुपये, प्रोग्राम टू एक्सलरेट डेवलपमेंट फॉर एमएसएमई एडवांसमेंट (पीएडीएमए) के तहत दो लाभार्थियों को 20.54 करोड़ रुपये तथा एमएसई क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत एक क्लस्टर विकास के लिए 2.11 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की

## 50 लाख से अधिक लाभार्थियों को 1,890 करोड़ रुपये जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न योजनाओं के तहत 50 लाख 28 हजार 208 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 1,890 करोड़ 16 लाख रुपये की राशि जारी की। इसमें दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की किस्त, बुजुर्गों व दिव्यांगों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जरूरतमंद परिवारों को दयालु योजना की आर्थिक सहायता, गृहिणियों को गैस सब्सिडी और किसानों को भावांतर भरपाई सहित विभिन्न योजनाओं की राशि शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को हरियाणा निवास में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की 11वीं किस्त के रूप में 10 लाख 10 हजार लाभार्थी बहनों के खातों में 212 करोड़ 16 लाख रुपये डाले गए हैं। योजना के तहत अब तक 11 किस्तों में 2,254 करोड़ 47 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों को भी योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। राज्य सरकार ने चालू वित्त वर्ष के बजट में लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 6,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

**35 लाख से अधिक लाभार्थियों को 1,129 करोड़ रुपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न 15 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 35 लाख 6 हजार 841 लाभार्थियों के खातों में 1,129 करोड़ 5 लाख रुपये सीधे ट्रांसफर किए गए हैं। इनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग भत्ता सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन शामिल हैं।

**लाभार्थी**

**मुख्यमंत्री ने 50 लाख 28 हजार 208 पात्र लाभार्थियों को 1,890 करोड़ 16 लाख रुपये ट्रांसफर किए**

उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए प्रो-एक्टिव मॉडल अपनाया है। परिवार पहचान पत्र के डेटाबेस के आधार पर पात्रता स्वयं निर्धारित होती है और पात्र नागरिकों को बिना कार्यालयों के चक्कर काटे तथा बिना आवेदन किए घर बैठे सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ मिल रहा है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किया जा रहा भुगतान पारदर्शिता और सुशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

इसके अलावा, दयालु योजना के तहत 4,520 परिवारों को 168 करोड़ 13 लाख 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इनमें दयालु योजना-2 के 70 परिवार भी शामिल हैं। आज जारी राशि को मिलाकर अब तक 89 हजार 56 परिवारों को 3,320 करोड़ 61 लाख 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

**5 लाख बहनों को 19.68 करोड़ रुपये की गैस सब्सिडी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत जुलाई माह में गैस सिलेंडर रिफिल करवाने वाली 5 लाख बहनों के बैंक खातों में 19 करोड़ 68 लाख रुपये की सब्सिडी ट्रांसफर की गई है।

**न्यूज फ्लैश**

## इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हरियाणा की भागीदारी

**चंडीगढ।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में आयोजित चार दिवसीय ₹इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल जम्मू-कश्मीर₹ में हरियाणा ने भागीदार राज्य के रूप में सक्रिय भागीदारी की। जम्मू एवं कश्मीर सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित इस फिल्म फेस्टिवल में हरियाणा के अलावा देश के विभिन्न राज्यों ने भी प्रतिभागिता की। फेस्टिवल में लगाए गए हरियाणा स्टॉल को फिल्मकारों, फिल्म एवं मीडिया से जुड़े विद्यार्थियों तथा युवाओं ने विशेष रुचि के साथ देखा। स्टॉल पर आगंतुकों को हरियाणा में फिल्म निर्माण एवं शूटिंग की संभावनाओं, उपलब्ध सुविधाओं और राज्य सरकार की हरियाणा फिल्म पॉलिसी-2022 के तहत फिल्मकारों को दिए जा रहे प्रोत्साहनों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर फिल्मकारों को बताया गया कि हरियाणा सरकार फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने के लिए फिल्म नीति के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की सब्सिडी एवं प्रोत्साहन उपलब्ध करवा रही है। साथ ही, प्रदेश में शूटिंग के लिए अनुमति की प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाया गया है, ताकि फिल्म निमार्ताओं को अनावश्यक प्रक्रियात्मक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े और वे आसानी से हरियाणा की विभिन्न लोकेशंस पर शूटिंग कर सकें। हरियाणा के स्टॉल पर यह भी जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार हरियाणा को फिल्म निर्माण के एक आकर्षक और संभावनाशील केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार का उद्देश्य हरियाणा की समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, कला, लोक परंपराओं और विविध भौगोलिक लोकेशंस को देश-विदेश के फिल्मकारों के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना है।

**नशे के खिलाफ अभियान पर पंजाब सरकार को घेरा**

पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार नशा रोकथाम में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें खेल और शिक्षा से जोड़ रही है तथा नशामुक्त हरियाणा के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने के अवसर देने के लिए जमीनी स्तर पर खेल संसाधनों को मजबूत किया जा रहा है।

**विपक्ष के पास मुद्दे नहीं, फोटो खिंचवाकर कर रहे राजनीति**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास सरकार के खिलाफ कोई मुद्दा नहीं बचा है। जिन विकास कार्यों के टेंडर सरकार पहले ही जारी कर चुकी है, विपक्ष के नेता उन्हीं स्थानों पर जाकर फोटो खिंचवाते हैं और सोशल मीडिया पर बयानबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की डबल इंजन भाजपा सरकार धरातल पर काम कर रही है। हरियाणा में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वाल्मीकि समाज का हर व्यक्ति उनके परिवार का सदस्य है।

## हिसार में आईएमसी का निर्माण तेज करें: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हिसार में एयरपोर्ट के पास विकसित किए जा रहे आईएमसी (इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर) के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि आईएमसी के निर्माण से हिसार और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को प्रदेश में स्टेट प्रगति पोर्टल के तहत चल रही 75 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 11 विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान नागरिक उड्डयन, ऊर्जा तथा हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

**समीक्षा**

**75 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली स्टेट प्रगति पोर्टल की 11 परियोजनाओं की समीक्षा की**

मुख्यमंत्री ने स्वर्ण जयंती इंटीग्रेटेड एविएशन हब, हिसार के फेज-2 की प्रगति की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, नए टर्मिनल एवं एटीसी भवन, जलापूर्ति, ड्रेनेज सिस्टम तथा अन्य संबंधित कार्यों की स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिसार से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाने की संभावनाएं तलाशी जाएं। उन्होंने जहां तक संभव हो, कनेक्टिंग फ्लाइट्स को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को इसका लाभ मिल सके।अधिकारियों ने बताया कि हिसार में 1578 एकड़ भूमि पर हरियाणा एकीकृत विनिर्माण समूह (आईएमसी) परियोजना विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। परियोजना के लिए आवश्यक 100 प्रतिशत भूमि सरकार के पास उपलब्ध है तथा पर्यावरण मंजूरी भी प्राप्त हो चुकी है। निर्माण कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और निविदाओं के मूल्यांकन एवं चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आईएमसी से संबंधित निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

## जन शिकायतों के त्वरित समाधान से मजबूत हो रहा जनविश्वास: राव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ।** हरियाणा सरकार में उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री तथा जिला लोक संपर्क एवं परिवाद निवारण समिति, पलवल के अध्यक्ष राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आमजन को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील शासन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिला लोक संपर्क एवं परिवाद निवारण समिति की बैठकें आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे



सरकार और जिला प्रशासन के समक्ष रखने तथा उनके त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रही हैं।

राव नरबीर सिंह की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को पलवल में आयोजित बैठक में आमजन की कुल 15 शिकायतें सुनवाई के लिए प्रस्तुत की गईं। इनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निवारण कर दिया गया, जबकि शेष चार शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 12 को

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में 12 सितंबर को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति सिरसा की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में एक लंबित और 14 नई शिकायतों सहित कुल 15 शिकायतें रखी जाएंगी। प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित शिकायतों का संपूर्ण रिकॉर्ड एवं आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अधिकारियों को शिकायतों से जुड़े सभी तथ्यों और कार्रवाई की जानकारी भी तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## वाटरशेड विकास के लिए दो लाख एकड़ भूमि का लक्ष्य तय करें: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वाटरशेड डिवेलपमेंट कंपोनेंट के तहत प्रदेश में दो लाख एकड़ से अधिक भूमि को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित कर प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होंने अधिक से अधिक खंडों को इस योजना में शामिल करने के निर्देश दिए, ताकि जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं का लाभ किसानों तक व्यापक स्तर पर पहुंचाया जा सके। मुख्यमंत्री सोमवार को वाटरशेड डिवेलपमेंट कंपोनेंट, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अधिक से अधिक किसानों को गन्ने की फसल की बिजाई में टपका सिंचाई प्रणाली अपनाने के लिए जागरूक किया जाए। मोरनी और शिवालिक क्षेत्र में चेक डैम, जल संरक्षण तथा पेयजल गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थलों को चिह्नित करने के निर्देश दिए।

**समीक्षा**

**जल संरक्षण की 16 गतिविधियों के तहत 531 कार्य पूरे, 77500 एकड़ भूमि को मिला रिचार्ज व सिंचाई का लाभ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसाती पानी को एकत्र कर उसका उपयोग पेयजल योजनाओं के लिए किया जा सकता है। इससे वर्षा जल का संरक्षण होने के साथ-साथ भूजल स्तर में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने एक्सीलरेटिड इरिगेशन बेनिफिट प्रोग्राम, हर खेत को पानी, पर ड्रॉप मोर क्रॉप, वाटरशेड डिवेलपमेंट कंपोनेंट, सघन वाटरशेड डिवेलपमेंट मैनेजमेंट प्रोग्राम, भूमि एवं जल संरक्षण गतिविधियों तथा अटल भूजल योजना की विस्तार से समीक्षा की।

## काले कपड़ों पर बोले सीएम सैनी, कहा- जनता नहीं भूली काले कारनामे

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि काले कपड़े पहनकर विधानसभा के पवित्र सदन में आने वाले कांग्रेस के नेता भले ही अपने शासनकाल के काले कारनामे भूल गए हों, लेकिन जनता उनके शोषण और अत्याचार को नहीं भूली है। उन्होंने कहा कि लोगों को आज भी याद है कि कांग्रेस की नीतियां जनहित की बजाय लोगों को प्रताड़ित करने वाली थीं। गरीबों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, बुजुर्ग पेंशन के लिए भटकते थे, लोगों को गैस सिलेंडर लेने के लिए कई-कई दिन लाइनों में लगना पड़ता था और युवाओं को नौकरियों के लिए भ्रष्ट व्यवस्था से जूझना पड़ता था।

मुख्यमंत्री ने यह बात बृहस्पतिवार को हरियाणा निवास में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों के सवालों के जवाब में कही। उन्होंने हरियाणा और पंजाब की कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर सवाल उठाने से पहले विपक्षी दलों को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस ने राहुल गांधी के कहने पर काले कपड़े पहन लिए हैं तो राहुल गांधी को भी काले कपड़े पहन लेने



चाहिए। कांग्रेस नेताओं, विशेषकर भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जनता को बताना चाहिए कि उनके शासनकाल में गरीबों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और आम आदमी के लिए क्या व्यवस्था थी।

**कांग्रेस ने घोषणाओं की टॉफियां बांटीं, हमने सीधे खाते में पहुंचाया लाभ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों की सरकारों में वोट हासिल करने के लिए घोषणाएं की जाती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों की राजनीति लोगों को

**साधा निशाना**

**कांग्रेस व आप पर साधा निशाना, कहा- घोषणाओं की टॉफियां बांटने के बजाय सरकार ने बदली व्यवस्था**

घोषणाओं की टॉफियां बांटकर सत्ता हासिल करने तक सीमित रही। सत्ता में आने के बाद इन घोषणाओं को भूलकर चुनाव के समय फिर नई घोषणाओं के जरिए लोगों को बरगलाने का काम किया जाता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस व्यवस्था को बदलने का काम हुआ है। आज सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की राशि सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचा रही है। डबल इंजन की सरकारें गरीबों को मजबूत करने, महिलाओं को सशक्त बनाने, बुजुर्गों को सम्मान के साथ जीवन जीने और युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव पूर्व किए गए वादे के अनुरूप दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से माताओं-बहनों के बैंक खातों में प्रतिमाह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता भेजी जा रही है।

## हरियाणा में एनीमिया के खिलाफ 100-दिवसीय अभियान शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने राज्य में एनीमिया के बोझ को अगले एक वर्ष के भीतर 10 अंक तक कम करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह कदम हरियाणा द्वारा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत विस्तारित 7७7७ ढांचे को लागू करने की तैयारियों के बीच उठाया गया है। डॉ. मिश्रा ने गुरुवार को चंडीगढ़ में राज्य स्तरीय एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि 17 सितंबर से 100 दिनों का सघन अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के दौरान प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचने, आपूर्ति श्रृंखला के अंतिम छोर को मजबूत करने तथा एनीमिया से चिन्हित प्रत्येक मामले की जांच और उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, वांछित स्वास्थ्य परिणाम मिलने तक संबंधित व्यक्ति की ट्रैकिंग भी की जाएगी।

**अभियान**

**17 सितंबर से शुरू होगा सघन अभियान, हर चिन्हित मामले की जांच, उपचार और परिणाम तक होगी ट्रैकिंग**

उन्होंने बताया कि 7७7७ दृष्टिकोण एनीमिया से निपटने की एक समग्र रणनीति है, जिसमें सात प्रमुख लक्षित समूहों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इसके तहत , जांच एवं उपचार, तथा पोषण संबंधी परामर्श जैसी सात प्रमुख पहलों को लागू किया जाता है। इसके साथ ही सात प्रणालियों को मजबूत किया जाता है, ताकि संबंधित स्वास्थ्य सेवाएं लाभार्थियों तक नियमित रूप से पहुंचती रहें।

## 100 दिनों में संगठन से समाज तक पहुंचीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के प्रदेशाध्यक्ष के रूप में 100 दिन पूरे हो गए हैं। 28 मई 2026 को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने और 3 जून को पंचकूला स्थित पंचकमल कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद इन 100 दिनों में उन्होंने संगठन को केवल बैठकों और कार्यालयों तक सीमित रखने के बजाय कार्यकताओं, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं और विभिन्न वर्गों के बीच पहुंच बनाने पर विशेष जोर दिया। प्रदेश की दूसरी महिला भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के रूप में उनकी कार्यशैली में संगठनात्मक सक्रियता के साथ



सामाजिक सरोकार, सेवा, धार्मिक-सांस्कृतिक जुड़ाव और राष्ट्रभाव प्रमुख रूप से दिखाई दिया। डॉ. अर्चना गुप्ता ने प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद सबसे पहले कार्यकर्ता संवाद को संगठन की प्राथमिकता बनाया। उनके आवास पर सुबह से शाम तक प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाले कार्यकताओं से सीधा संवाद हुआ। उन्होंने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं, सुझाव लिए और संगठनात्मक विषयों पर खुलकर चर्चा की। जिलों के प्रवास को उन्होंने महज औपचारिकता न बनाकर कार्यकताओं के बीच पहुंचने और उनसे आत्मीय संबंध बनाने का माध्यम बनाया। इन 100 दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगातार प्रवास करते हुए उन्होंने करीब 25 हजार किलोमीटर की यात्रा की। सभी 27 संगठनात्मक जिलों में कार्यकताओं के स्वागत, बैठकों और संवाद कार्यक्रमों ने संगठन में नई ऊर्जा का संचार किया। भीषण गर्मी के बावजूद पैदल, साइकिल, मोटरसाइकिल और पारंपरिक साधनों से कार्यकर्ताओं का स्वागत प्रदेशभर में संगठन के प्रति उत्साह और जुड़ाव का प्रतीक बना।

**आत्मीय संवाद**

**टिफिन बैठक के माध्यम से कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद का सिलसिला हुआ शुरू**

संगठन और सरकार के समन्वय को बेहतर बनाते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ जबरदस्त बांडिंग करते हुए कार्यकताओं के माध्यम से लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र तक पहुंचाने और उन्हें लाभार्थी बनाने पर बल दिया। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए बूथ सक्रियता, मंडल बैठकों, शक्ति केंद्रों की सक्रियता और डिजिटल प्रशिक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### आयुष विवि की छात्रा डॉ. ज्योति ने यूजीसी-नेट किया क्वालीफाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्रः** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत विभाग की पीजी फाइनल ईयर की छात्रा डॉ. ज्योति ने यूजीसी-नेट जून 2026 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। डॉ. ज्योति ने विभाग की डॉ. लसिथा के मार्गदर्शन में आयुर्वेद बायोलॉजी विषय में यूजीसी-नेट परीक्षा असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पीएचडी श्रेणी में क्वालीफाई किया है।

आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता तथा संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता ने डॉ. ज्योति की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि डॉ. ज्योति की यह सफलता उनकी मेहनत और पढ़ाई के प्रति लगन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद को आधुनिक शोध के साथ आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास महत्वपूर्ण हैं। डॉ. ज्योति की उपलब्धि से विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। विश्वविद्यालय परिवार ने डॉ. ज्योति को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और आगे भी इसी तरह सफलता हासिल करने की कामना की।

### जिमखाना क्लब विवादः अंतरिम रोक की याचिका निरस्त



**सोनीपत** राजनारायण ने कोर्ट के आर्डर कॉपी को दिखाते हुए कहा कि सोनीपत के सेक्टर-6 स्थित जिमखाना क्लब विवाद में सिविल जज (कनिष्ठ विभाग) की अदालत ने याचिकाकर्ता बिजेंदर कुमार की अंतरिम रोक (स्टे) लगाने वाली याचिका खारिज कर दी है। सुनवाई के दौरान अदालत ने 17 अप्रैल 2025 की प्रस्तावना, सीमित दायित्व साझेदारी (एलएलपी) समझौते और भारतीय साझेदारी अधिनियम की धारा 24 के प्रावधानों का परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अदालत ने प्रथम दृष्टया पाया कि संबंधित पक्ष को क्लब परियोजना और उसकी व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी थी, लेकिन लंबे समय तक कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। हालाँकि, अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि अंतरिम रोक की याचिका पर लिया गया यह फैसला केवल अस्थायी राहत तक सीमित है और यह पक्षकारों के अंतिम कानूनी अधिकारों या दावों का निर्धारण नहीं करता है।

# 15 सितंबर से शुरू हो धान की सरकारी खरीद : सुखविंदर भूखड़ी

## 15 सितंबर से शुरू हो धान की सरकारी खरीद : सुखविंदर भूखंड

**बैठक**

किसान विश्राम गृह, बाबैन अनाजमंडी में किसानों की बैठक का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन, (संदीप दहिया)ः** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की ओर से किसान विश्राम गृह, बाबैन अनाजमंडी में किसानों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाकियू के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुखविंदर भूखड़ी ने मुख्य रूप से शिरकत की, जबकि अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमार मंगोली जाटान ने की। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं प्रमुख मांगों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कोषाध्यक्ष सुखविंदर भूखड़ी ने कहा कि किसानों की प्रमुख मांगों में गन्ने के भाव में बढ़ोतरी कर इसे 600 रुपये प्रति क्विंटल किया जाना तथा धान की सरकारी खरीद 15 सितंबर से शुरू करना शामिल है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिलना चाहिए, ताकि बढ़ती लागत के बीच उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमार मंगोली जाटान ने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद गन्ने के मूल्य में अपेक्षाकृत बहुत कम बढ़ोतरी हुई है, जबकि चीनी के दाम 60 रुपये प्रति किलो से अधिक पहुंच चुके हैं। इसके बावजूद किसानों को गन्ने का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए गन्ने का भाव बढ़ाकर 600 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए। उन्होंने कहा कि धान की खरीद भी 15 सितंबर से शुरू की जानी चाहिए, ताकि मंडियों में पहुंचने वाली धान की फसल की समय पर खरीद हो सके और किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए परेशान न होना पड़े। रमेश कुमार ने चेतावनी दी कि यदि 15 सितंबर से धान की खरीद शुरू नहीं हुई तो भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) 16 सितंबर को शाहाबाद में किसानों की महापंचायत आयोजित करने पर मजबूर होगी। बैठक में पूर्व ब्लॉक प्रधान सतबीर सिंह घिसरपड़ी, गुरदयाल सिंह सूरजगढ़, पवन सूरजगढ़, हरपाल मंगोली, हाकम सिंह मंगोली, आर्यम मंगोली, विनोद कुमार, राजेंद्र सिंह मंगोली, मायाराम, सोमनाथ घिसरपड़ी, नरेश कुमार, जय कुमार हमीदपुर सहित अन्य किसान एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डेढ़ साल से जमीन की फाइल अटका कर सनद के लिए मांगे 25 हजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)** एंटी करप्शन ब्यूरो की सोनीपत टीम ने मंगलवार को हलका गिरदावर को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपित राजेश मलिक राई उपतहसील के एक व्यक्ति से सनद तकसीम कराने की एवज में 25 हजार रुपये ले रहा था।

एसीबी की टीम ने आरोपित को रंगे हाथ पकड़ा है। सनद तकसीम का यह मामला करीब डेढ़ साल से लंबित था, इस दौरान कई गिरदावर बदल चुके थे, लेकिन जमीन पर कब्जा दिलाने की कार्रवाई नहीं की जा रही थी। एसीबी ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को शिकायत मिली थी कि गांव पबसरा की जमीन के एक मामले में सनद तकसीम की कार्रवाई को जानबूझकर लटकाया जा रहा है। गन्नौर तहसील से बदलकर आए हलका गिरदावर राजेश मलिक के पास सोनीपत और राई का अतिरिक्त कार्यभार था।पबसरा के ग्रामीण ने जमीन की तकसीम के बाद सनद तकसीम के लिए राजेश मलिक से संपर्क किया तो उसने इसकी एवज में 25 हजार रुपये मांगे। रुपये लेने के लिए शाम पांच बजे पुरानी तहसील में बुलाया गया। मंगलवार को जैसे ही पीड़ित ने आरोपित को रुपये दिए, एसीबी की टीम ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

**काबू**

सनद तकसीम का यह मामला करीब डेढ़ साल से लंबित था, इस दौरान कई गिरदावर बदल चुके थे

**भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस : डॉ. चावला**

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के निदेशक डा. एएस चावला ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में ब्यूरो की जीरो टालरेंस की नीति है। भ्रष्टाचार में संलिप्त कोई भी अधिकारी या कर्मचारी कानून से ऊपर नहीं है और उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कोई सरकारी अधिकारी अथवा कर्मचारी सरकारी कार्य करने की एवज में रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना तुरंत हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल-फ्री नंबर 1800-180-2022 अथवा 1064 पर दें।

# गुरुग्रामः अरबेनिक कंपनी में नौकरी करने वाले युवक ने लगाई फांसी

**गुरुग्राम।** जिले के खंड फर्रुखनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-2 में एक 21 साल के युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान मुलायम पुत्र रघुनाथ (21) के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के दलेलनगर, कंचनपुर जिला लखीमपुर खीरी का रहने वाला था। मुलायम पिछले कुछ समय से फर्रुखनगर में रह रहा था। वह वार्ड नंबर-2 में काला महादेव मंदिर के पास सुरेश के मकान में किराए पर रहता था। मुलायम फर्रुखनगर की अरबेनिक कंपनी में नौकरी करता था। बताया जा रहा है कि घटना के समय मुलायम का साथी कंपनी में ड्यूटी गया हुआ था। जब वह ड्यूटी से वापस लौटा, तो उसे मुलायम के फांसी लगाने की जानकारी मिली। इसके बाद साथी ने पुलिस के साथ-साथ मुलायम के परिवार को भी सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गुरुग्राम भेज दिया है।

# डॉयल-112 ने हादसे में घायल युवक की बचाई जान, एसपी ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** अंबाला में मानवीय संवेदना और मुस्तैदी का एक सराहनीय मामला सामने आया है। बीती 1 सितंबर 2026 की देर रात डॉयल-112 की टीम ने फरिस्ता बनकर एक घायल बाइक सवार की जान बचाई। त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ का परिचय देने वाली इस टीम को पुलिस अधीक्षक अंबाला द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

घटना 1 सितंबर 2026 की रात्रि करीब 3:30 बजे की है। अंबाला-हिसार रोड पर दुर्गा नगर पेट्रोल पंप के पास एक बाइक सवार सड़क किनारे बेसुध हालत में पड़ा हुआ था।

उस दौरान रात्रि गश्त पर तैनात डॉयल-112 की वाहन संख्या 103 मौके पर फरिस्ता बनकर पहुंची। इस ईआरवी पर उपनिरीक्षक रणधीर सिंह (इंचार्ज), चालक एसपीओ सुरेश कुमार और सहायक एसपीओ रणबीर सिंह ड्यूटी पर तैनात थे। किसी रहगीर द्वारा सूचना मिलते ही टीम बिना एक पल गंवाए तुरंत गाड़ी लेकर मौके पर पहुँची।



सराहनीय कार्य और उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता के चलते अंबाला के पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत ने अपने कार्यालय में बुलाकर डॉयल-112 की ईआरवी-103 पर तैनात तीनों कर्मचारियों–उपनिरीक्षक रणधीर सिंह, एसपीओ सुरेश कुमार और एसपीओ रणबीर सिंह को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया और उनके इस नेक कार्य की सराहना की।

अंबाला पुलिस अपनी कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इससे पहले बीते 11 फरवरी 2026 को थाना पड़ाव क्षेत्र में तैनात डायल 112 के कर्मचारियों–उपनिरीक्षक सुखदेव, बलविंदर तथा पवन ने भी ईमानदारी और मानवता की मिसाल पेश की थी। रात्रि के समय ड्यूटी के दौरान एक वाहन चालक की मदद करने के साथ-साथ उन्हें 22,000 रुपये से भरा पर्स लावारिस हालत में मिला था, जिसे उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ मालखाना में जमा करवाया था।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंबाला अजीत सिंह शेखावत ने सभी पुलिस कर्मचारियों को संदेश दिया कि वे अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जनता के साथ बेहतरीन व्यवहार के साथ निभाएं। उन्होंने कहा कि ₹आमजन की सेवा, सुरक्षा और सहयोग करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

# मेयर राजीव जैन ने 10 परिवारों को मालिकाना हक के प्रमाण पत्र वितरित किये

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)** हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई स्वामित्व योजना के तहत लाल डोरा क्षेत्र में रह रहे नागरिकों को प्लाट के मालिकाना हक के प्रमाण पत्र बांटने की प्रक्रिया लम्बे अंतराल के बाद फिर से शुरू हो गई है। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने 10 परिवारों को प्रमाण पत्र वितरित किये।

वीरवार को अतिरिक्त निगम आयुक्त विजय यादव की मौजूदगी



में आवेदकों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। प्रमाण पत्र पाने के बाद नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। लाल डोरे की रजिस्ट्री ना होने के कारण प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त करने, बैंकों से ऋण लेने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों की मरम्मत के लिए पैसा लेने में परेशानी होती थी।

**प्रमाण पत्र**

नागरिकों को प्लाट के मालिकाना हक के प्रमाण पत्र बांटने की प्रक्रिया लम्बे अंतराल के बाद फिर से शुरू हो गई

इस अवसर पर मेयर जैन ने कहा कि योजना लागू होने के बाद गत वर्ष जुलाई एवं दिसंबर माह में लगभग 650 परिवारों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए थे और बाद में नगर निगम चुनाव, वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण के चलते प्रमाण पत्र बनाने एवं वितरण करने का काम लटक गया था। उन्होंने पिछले सप्ताह ही अधिकारियों को बुलाकर निर्देश दिए थे कि लाल डोरे के स्वामित्व वाले प्रमाण पत्रों को बनाने के काम में तेजी लाई जाये।

# एस.एस. पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**अंतिम प्रजापति साढ़ौरा**
एस.एस. पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, साढ़ौरा में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण कौशल को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का विषय (शिक्षण पद्धति के रूप में कहानी-कथन) रहा।

कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन डॉ. दीपिंदर वालिया ने शिक्षकों को कहानी-कथन की विभिन्न तकनीकों एवं कक्षा शिक्षण में इसके प्रभावी प्रयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कहानी-कथन



विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता, सुनने की क्षमता, भाषा कौशल तथा विषय को समझने की रुचि को बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों एवं व्यावहारिक अभ्यासों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. दीपिंदर वालिया ने शिक्षकों को यह भी समझाया कि किस प्रकार पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों को रोचक कहानियों और गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों तक सरल एवं प्रभावशाली ढंग से पहुँचाया जा सकता है।

### कमरे से 639 ग्राम चरस मिलने के मामले में जेल में बंद महंत गिरफ्तार

**कैथल।** बाबा लदाना स्थित डेरा बाबा राजपुरी के महंत रहे दुजपुरी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। हत्या के मामले में जिला जेल में बंद दुजपुरी को डेरा परिसर स्थित उसके कमरे से 639 ग्राम चरस (सुल्फा) बरामद होने के मामले में संगतपुरा चौकी पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। अदालत में पेश करने के बाद पुलिस को आरोपी का पांच दिन का रिमांड मिला है। पुलिस के अनुसार सात सितंबर को न्यायालय के आदेश पर डेरा बाबा राजपुरी में तलाशी अभियान चलाया गया था। इस दौरान दुजपुरी के विश्राम कक्ष में बनी अलमारी से पॉलीथिन में रखा 639 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ था।

# अवैध कट खोलने वाले होटल व पेट्रोल पम्प मालिकों पर होगी एफआईआरः राठी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** एसडीएम शाहाबाद शंभू राठी ने कहा कि नेशनल हाईवे 44 पर बार-बार अवैध कट खोलने वाले होटल व पेट्रोल पम्प मालिकों पर एफआईआर होगी। सडक सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हाईवे के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम शंभू राठी ने कमेटी में शामिल अन्य सदस्यों के साथ उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के आदेशानुसार सडक सुरक्षा को लेकर फील्ड निरीक्षण किया गया है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ नेशनल



हाईवे-44 पर चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉटों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस मौके पर इंस्पेक्टर जोगिंद्र ढुल, पुलिस इंस्पेक्टर शेर सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि नेशनल हाईवे पर कई जगहों पर अवैध कट बने हुए हैं, जो सडक हादसों का मुख्य कारण बन रहे हैं। इन अवैध कटों से गलत दिशा से वाहन हाईवे पर आ जाते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं होने का खतरा बना रहता है। इस पर संज्ञान लेते हुए उप मंडल अधिकारी ने मौके पर ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हाईवे पर बने सभी ब्लैक स्पॉट और अवैध कटों को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि सडक सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सख्ती**

सडक सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

यदि कोई भी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा या पेट्रोल पम्प मालिक द्वारा अपने निजी लाभ के लिए बार-बार अवैध कट खोला जा रहा है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार मुकदमा दर्ज किया जाए। हाईवे के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खेल जगत का विश्व का सबसे बड़ा अखाड़ा बनेगी नमो क्रिकेट लीग-2026

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला।** देश की युवा शक्ति को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर कर खेलों की ओर आकर्षित करने तथा युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी की विशेष प्रेरणा एवं भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में नमो क्रिकेट लीग-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने जा रही यह प्रतियोगिता खेल जगत में एक नया इतिहास रचने की दिशा में बड़ा कदम है। आयोजकों के अनुसार, यह आयोजन खेल जगत का विश्व का सबसे बड़ा अखाड़ा बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

नमो क्रिकेट लीग-2026 का भव्य शुभारंभ 17 सितंबर 2026, गुरुवार को शाम 4 बजे, नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी नेशनल स्टेडियम के के.डी. जाधव हॉल में होगा।

**केवल क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन**

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी ने कहा कि नमो क्रिकेट लीग केवल एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि युवाओं को सही दिशा देने और नशे के खिलाफ समाज में व्यापक जागरूकता पैदा करने का एक बड़ा सामाजिक अभियान है। उन्होंने कहा कि इस पूरे अभियान का मूल मंत्र है–



बल्ला घुमाओ, नशा छुड़ाओ
खेल से बनेगा नया भारत–नशा मुक्त भारत

तरुण भंडारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना एक सशक्त, स्वस्थ, समृद्ध और नशा मुक्त भारत का है। इसी सोच को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा यह अनूठी पहल की गई है। उन्होंने कहा कि युवाओं के अंदर अपार ऊर्जा और प्रतिभा है। जरूरत इस बात की है कि उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दी जाए। खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की सीख देता है।

**-3,200 से अधिक टीमें और 50 हजार से ज्यादा युवा खिलाड़ी**

नमो क्रिकेट लीग-2026 में 3,200 से अधिक टीमें हिस्सा लेंगी और इनसे जुड़े 50,000 से ज्यादा युवा खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

**तैयारी**

आयोजित होने जा रही प्रतियोगिता खेल जगत में एक नया इतिहास रचने की दिशा में बड़ा कदम

3,200 टीमों के कप्तान और उप-कप्तान भी पहुंचेंगे

इस ऐतिहासिक आयोजन की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक यह होगी कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 3,200 से अधिक टीमों के कप्तान और उप-कप्तान भी भव्य शुभारंभ समारोह में विशेष रूप से शामिल होंगे।

हजारों कप्तानों और उप-कप्तानों की एक साथ मौजूदगी इस आयोजन को खेल जगत के एक ऐतिहासिक महासंगम का रूप देगी। अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाले ये खिलाड़ी और टीम प्रतिनिधि खेल भावना, एकता और भाईचारे का संदेश भी देंगे।

तरुण भंडारी की टीम में पूरा जोश और उत्साह

सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रवक्ता श्री मुकेश सिंगला ने बताया कि नमो क्रिकेट लीग को लेकर विभिन्न राज्यों में युवाओं और खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है उन्होंने कहा कि तरुण भंडारी की पूरी टीम पूर्ण जोश और उत्साह के साथ आयोजन की तैयारियों में जुटी हुई है। विभिन्न राज्यों में खेल को लेकर युवाओं में पूरा जोश है और बड़ी संख्या में टीमें इस अभियान से जुड़ रही हैं।

सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रवक्ता श्री मुकेश सिंगला ने कहा कि यह आयोजन खिलाड़ियों को केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं देगा, बल्कि उन्हें एक बड़े सामाजिक उद्देश्य से भी जोड़ेगा। युवाओं तक नशे के खिलाफ सकारात्मक संदेश पहुंचाना इस अभियान की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में शामिल है।

एक करोड़ रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि

खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतियोगिता में एक करोड़ रुपये से अधिक की विशाल पुरस्कार राशि रखी गई है।आयोजकों का मानना है कि इतने बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर युवा खिलाड़ियों के भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगा।

**-भव्य समारोह में संत समाज, राजनेता और देश की बड़ी हस्तियां होंगी शामिल**

17 सितंबर को होने वाला भव्य शुभारंभ समारोह अपने आप में ऐतिहासिक और यादगार होगा। समारोह में संत समाज के प्रमुख संत-महात्मा, विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ राजनेता, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, खेल जगत से जुड़ी हस्तियां तथा देश की अनेक बड़ी और प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगी।

# रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल का पदग्रहण समारोह 'उत्थान' धूमधाम से संपन्न, नितिन जैन बने अध्यक्ष

**समारोह**

**उत्थान का आयोजन जीटी रोड स्थित एक होटल में गरिमामय वातावरण में किया गया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल की ओर से वर्ष 2026-27 के लिए भव्य पदग्रहण समारोह ह्यउत्थानह्व का आयोजन जीटी रोड स्थित एक होटल में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह में रोटरी जिला 3012 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित गुप्ता एवं डॉ. स्वाति गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं जोन-10 के असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन रविंदर भारद्वाज एवं पूजा भारद्वाज विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह के दौरान रोटेरियन नितिन जैन एवं निकिता जैन ने वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष पद की शपथ लेकर कार्यभार संभाला। वहीं गौरव जैन ने सचिव तथा अंकित गोयल ने कोषाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को क्लब के सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट रोटेरियन अजय त्यागी तथा क्लब ट्रेनर रोटेरियन अनिल जैन ने मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। मंच संचालन का दायित्व पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन जतिन जैन एवं आंचल जैन ने संभाला। नेहा मित्तल एवं अंजली जिंदल ने सह-संचालन में सहयोग किया। समारोह में पास्ट प्रेसिडेंट प्रवीन मित्तल तथा पास्ट सेक्रेटरी नितिन बंसल की भी विशेष उपस्थिति रही। समारोह में रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए क्लब की आगामी गतिविधियों में पूरा सहयोग देने का संकल्प लिया।

# राज्य स्तरीय अंडर-17 गर्ल्स वालीबाल के लिए रतिराम स्कूल की छह छात्राओं का चयन

**उपलब्धि**

**रतिराम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खुबडू की छात्राओं ने उपलब्धि हासिल की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रतिराम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खुबडू की छात्राओं ने वालीबाल के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल की है। राज्य स्तरीय अंडर-17 गर्ल्स वालीबाल प्रतियोगिता के लिए विद्यालय की छह छात्राओं का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ी 11 से 13 सितंबर तक जींद में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। विद्यालय से चयनित खिलाड़ियों में अन्नू, तमन्ना, आन्या, प्राची, वासंका और पायल शामिल हैं। इसके अलावा विद्यालय की एक अन्य छात्रा मानसी का चयन अंडर-19 गर्ल्स वालीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के प्रबंधक रविंद्र धनखड़ ने बताया कि छात्राएं नियमित रूप से खेलों में भाग लेती हैं और विद्यालय में शाम के समय प्रतिदिन करीब दो घंटे वालीबाल का अभ्यास करती हैं। नियमित अभ्यास और मेहनत के चलते खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा को निखारा है और अब उन्हें राज्य स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। विद्यालय के प्रबंधक रविंद्र धनखड़ ने चयनित सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा स्कूल स्टेट गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट में सोनीपत टीम ने हासिल किया तीसरा स्थान



**राई।** 59वें हरियाणा स्कूल स्टेट गर्ल्स फुटबॉल टूनामेंट में सोनीपत जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। पानीपत जिले में 5 से 7 सितंबर तक आयोजित अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सोनीपत जिले की खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुरथल की अंडर-14 टीम से छात्रा पूर्वशी और किरण का सोनीपत जिले की टीम में चयन हुआ। दोनों छात्राओं ने प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्राओं के चयन और जिले की टीम के तीसरे स्थान पर रहने से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। छात्राओं को फुटबॉल कोच दीपक आंतिल तथा डीपीई संगीता के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य सुनील त्यागी ने छात्राओं की उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ खेल एवं अन्य गतिविधियों में भी उनके सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है।

### लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस ट्रेनिंग के लिए पहुंचे लोगों को यातायात नियमों व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिला पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से लगातार सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही आमजन को बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए भी विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में ट्रैफिक पार्क, सेक्टर-7, करनाल में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस ट्रेनिंग एवं मोटर वाहन चालान का भुगतान करने से पूर्व लर्निंग क्लास के लिए पहुंचे व्यक्तियों को सडक सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम थाना हाईवे करनाल के कोऑर्डिनेटर सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार द्वारा आयोजित किया गया।

इस दौरान सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार ने उपस्थित लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि सडक पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा का पालन करने, दोपहिया वाहन पर चालक एवं सवारी द्वारा हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छोटी-सी लापरवाही भी सडक दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए वाहन चालक स्वयं यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने परिवार एवं अन्य लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को तेज गति एवं खतरनाक तरीके से वाहन चलाने से बचने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान लोगों को साइबर सुरक्षा के संबंध में भी जागरूक किया गया। उपस्थित व्यक्तियों को बताया गया कि साइबर ठगी से बचने के लिए किसी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, एटीएम-डेबिट कार्ड संबंधी जानकारी, बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड या अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

# किसान प्रशिक्षण शिविर में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किया प्रेरित

**शिविर**

**ठरू में प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) गांव ठरू में प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ. परमिंदर मलिक रहे। शिविर का उद्देश्य किसानों को रासायनिक खादों और कीटनाशकों पर निर्भरता कम कर पर्यावरण-अनुकूल प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। डॉ. परमिंदर सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि इसके माध्यम से खेती की लागत कम करने के साथ मिट्टी की उपजाऊ शक्ति और भूजल की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को देसी गाय के गोबर व गोमूत्र से जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत और प्राकृतिक कीटनाशक तैयार करने की व्यावहारिक विधि समझाई गई। इसके अलावा किसानों को प्राकृतिक उत्पादों की ग्रेडिंग, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग, प्रमाणन और सीधे बिक्री के संबंध में भी जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने रासायनिक अवशेषों से मुक्त खाद्यान्न उत्पादन को मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण संतुलन के लिए महत्वपूर्ण बताया। शिविर में जिला महामंत्री नीरज ठरू, प्रगतिशील किसान अजय भटाना, राजमल, राज सिंह समेत करीब 50 किसानों ने भाग लिया।

# अवैध हथियारों के मामले में एंटी नारकोटिक्स सेल की बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडियां**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** एंटी नारकोटिक्स सेल करनाल इंचार्ज उप निरीक्षक राजन सिंह के नेतृत्व में की टीम ने थाना मधुबन में दर्ज मामले में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उगमा राम डारा पुत्र चेनाराम निवासी गांव ललाणा कलां, थाना गच्छीपुरा, जिला डीडवाना-कुचामन, राजस्थान तथा अनिल कुमार पुत्र राजेश्वर निवासी गांव चाऊ पलिया, थाना जैंतीपुर, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से एक देसी पिस्तौल .315 बोर, एक जिंदा कारतूस .315 बोर तथा एक देसी पिस्तौल .12 बोर बरामद किया है। इसके साथ ही वारदात में प्रयुक्त सफेद रंग की हुंडई आई-20 कार को भी कब्जे में लिया गया है। टीम द्वारा दोनों आरोपियों को नियम अनुसार आज गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत रिमांड लिया जाएगा, ताकि अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क तथा इस मामले से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में गहन पूछताछ की जा सके। मामले में आगामी जांच जारी है।

# घरौंडा और नीलोखेड़ी युवा संसद प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर द्वारा जिले के दो खण्डों घरौंडा और नीलोखेड़ी युवा संसद प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन करवाया गया। संस्थान से सहायक प्रोफेसर बृजेश वत्स ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 550 छात्र-छात्राओं ने भाग लेते हुए समसामयिक मुद्दों को उठाया और उन पर चर्चा की जैसे परीक्षाओं में पेपर लीक का मुद्दा, वन नेशन वन इलेक्शन, यूनिफॉर्म सिविल कोड, पेट्रोल में एथेनॉल मिलान का मुद्दा, महिला आरक्षण बिल, एसआईआर का मुद्दा, जनसँख्या रोकथाम, भारत की विदेश नीति, एफसीआरऐ आदि और और उन पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अभिनय के माध्यम से लोकसभा की कार्रवाई को प्रस्तुत किया और एक आदर्श संसद की प्रस्तुति दी। बृजेश वत्स ने परिणाम घोषित करते हुए बताया खंड घरौंडा में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोहंड प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवीपुर द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवीपुर तृतीय स्थान पर रहा।

वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरसत चौथे और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गूढ़ा पांचवें स्थान पर अपनी जगह बना पाया।

# किसान यूनियन ने समस्याओं के समाधान की मांग उठाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** जाट धर्मशाला में गुरुवार को अम्बावता ग्रुप की मासिक बैठक हलका प्रधान बलजीत मलिक की अध्यक्षता में हुई। जिला प्रधान जयभगवान मलिक सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

बैठक में पूर्व ब्लाक उपाध्यक्ष राज सिंह मलिक निवासी डबरपुर के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एक मिनट का मौन रखा गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि दो अक्टूबर को किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता राजघाट, दिल्ली में लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। किसानों ने बादशाही रोड और अगवानपुर फाटक के नीचे जलभराव की समस्या का समाधान कराने की मांग की। जीरी का सीजन शुरू होने के मद्देनजर रेलवे स्टेशन से जीटी रोड तक खराब और संकरे रास्ते की मरम्मत कराने की मांग भी उठाई गई। किसानों ने सोनीपत शुगर मिल की मरम्मत जल्द पूरी कराने और संबंधित गन्ना मार्गों की मरम्मत के साथ गन्ने का भाव 600 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की।

# ट्रांसफार्मर से तांबे की क्वाइल चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर।** एचएसआईआईडीसी बड़ी के फेज-2 स्थित प्लॉट नंबर 489 से चोर ट्रांसफार्मर उखाड़कर उसके अंदर से तांबे की क्वाइल चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चौकीदार सुरेश निवासी माल्यापुर, मेरठ ने बताया कि वह खाली पड़े प्लॉट पर चौकीदार की ड्यूटी करता है। 8 अगस्त की सुबह ड्यूटी पर पहुंचने पर उसने कंपनी परिसर में लगा ट्रांसफार्मर उखड़ा हुआ पाया। उसके अंदर से तांबे की क्वाइल चोरी की गई थी और ट्रांसफार्मर का तेल भी बिखरा पड़ा था। उसने कंपनी मालिक और सिक्योरिटी इंचार्ज को सूचना दी।

# इन्द्री विधायक रामकुमार कश्यप का लाड़वा पहुंचने पर भव्य स्वागत

**मुलाकात**

**उन्होंने संजीव कुमार नंबरदार बड़ाचपुर के कार्यालय पर समाज के लोगों से मुलाकात की।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 10 सितम्बर (विजय कौशिक) :** इन्द्री विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं विधानसभा में चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप लाड़वा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने संजीव कुमार नंबरदार बड़ाचपुर के कार्यालय पर समाज के लोगों से मुलाकात की। यहां पहुंचने पर उपस्थित लोगों ने विधायक रामकुमार कश्यप का फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। संजीव कश्यप ने समाज के लोगों के साथ बुक्के देकर विधायक रामकुमार कश्यप का अपने कार्यालय पर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक रामकुमार कश्यप ने समाज के लोगों से बातचीत की और विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। इस मौके पर शहरी प्रधान त्रिलोक चंद कश्यप, लखपत राय, श्याम लाल, रेखा कश्यप, गुरचरण कश्यप, विजय कश्यप, सोमनाथ कश्यप, जयप्रकाश कश्यप, जसविंदर कश्यप, परवीन कश्यप, राहुल कश्यप, विक्की बड़ाचपुर, कृष्ण बदरपुर, विक्रम कश्यप, साहब कश्यप सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समाज के लोगों ने विधायक रामकुमार कश्यप का स्वागत करते हुए उनके समक्ष क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों को भी रखा। विधायक ने लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आपके लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आपके विधायक हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा विधानसभा के साथ-साथ पूरे राज्य का ध्यान रखते हुए पूरे प्रदेश में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देते। जनहित से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़कर पूरा करते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सभी वर्गों को साथ में लेकर चलते हैं।

# राम मंदिर चंदा चोरी मामले में कार्रवाई हो रही है : मंत्री अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**आशीष श्रीवास्तव, अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने राम मंदिर चंदा चोरी मामले में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में उज्जैन से अयोध्या तक स्वाभिमान यात्रा निकालने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि राजनीतिक पार्टियों जिनके पास कोई मुद्दे नहीं है, मुद्दा विहीन है, जिनपर लोगों को विश्वास नहीं है, जिनको जनता नकार चुकी है, वह बार-बार नॉन इश्यूज को इश्यू बनाने की कोशिश करती है। राम मंदिर चंदा चोरी की पूरी कार्रवाई भी हो रही है, नई कमेटी भी बना दी गई है लेकिन इनको तो अपने आपको हिंदू विरोधी सिद्ध करने का सर्टिफिकेट लेना है कि ये हिंदु विरोधी है, इसलिए यह इस प्रकार की बातें करते हैं। मंत्री अनिल विज ने कटाक्ष करते हुए कहा कि और भी तो इतनी जगह पर चोरी होती हैं, वहां क्यों नहीं यात्रा निकाली, क्या वहां चोरों को अनुमति है, सिर्फ इसलिए की यह हिंदुओं की आस्था से जुड़ी बात है हिंदुओं की आस्था पर चोट मारनी है इसीलिए यह लोग इस प्रकार की कार्रवाईयां करते हैं। श्री विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

# यमुना कटाव रोकने पबनेरा में बनी 4 करोड़ की ठोकर, कादियान ने किया उद्घाटन

**मांग**

**- विधायक बोले- जरूरत पड़ी तो यमुना पर ठोकर बनवाएंगे, ग्रामीणों ने रखी ई-लाइब्रेरी की मांग**




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** यमुना के तेज बहाव से खेतों का कटाव झेल रहे पबनेरा के किसानों को अब राहत की उम्मीद है। करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से यमुना पर बनी ठोकर नंबर-10 का निर्माण पूरा हो गया है। गुरुवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल तोड़कर इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में कटाव रोकने के लिए और ठोकर की जरूरत हुई तो उसका निर्माण भी कराया जाएगा।गत वर्ष यमुना का बहाव तेज होने से पबनेरा क्षेत्र में कृषि भूमि कटाव की चपेट में आई थी। किसानों को हुए नुकसान के बाद ग्रामीण लगातार कटाव रोकने के लिए ठोस इंतजाम की मांग कर रहे थे। उद्घाटन के बाद गांव की चौपाल में कार्यक्रम हुआ। ग्रामीणों ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत कर ठोकर निर्माण के लिए आभार जताया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में ई-लाइब्रेरी शुरू कराने की मांग रखी। उनका कहना था कि इससे विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को पढ़ाई की बेहतर सुविधा मिलेगी। विधायक ने आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। कादियान ने चौपाल में ग्रामीणों की अन्य समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण, पूर्व सरपंच हंसराज, सुरजन पंच, यादराम, कृष्ण, प्रदीप, कलीराम, शिवकुमार, ईश्वर, संदीप, विकास, आजाद, नितिन, देवेन्द्र, अजय, रोहित, मुकेश, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

# स्कूल गेट के सामने जर्जर सीवर का ढक्कन दे रहा हादसे को न्योता



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के मुख्य गेट के सामने जर्जर हालत में पड़ा सीवर का ढक्कन विद्यार्थियों और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। क्षतिग्रस्त ढक्कन के कारण यहां हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। स्कूल के गेट के सामने होने के कारण सुबह और छुट्टी के समय विद्यार्थियों व अभिभावकों की काफी भीड़ रहती है। ऐसे में किसी विद्यार्थी के सीवर के क्षतिग्रस्त हिस्से में पैर फंसने या गिरने से हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

छात्रों ने बताया कि सीवर का ढक्कन लंबे समय से खराब हालत में है। इसके चलते वाहन चालकों को भी यहां से गुजरते समय सावधानी बरतनी पड़ती है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग मैन रोड होने के बाद भी नया ढक्कन नहीं लगा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल के मुख्य गेट के सामने जर्जर सीवर के ढक्कन को जल्द बदलवाया जाए ताकि विद्यार्थियों और आमजन को परेशानी न हो तथा किसी संभावित हादसे को समय रहते रोका जा सके।

# जया किशोरी के भक्ति रस में सराबोर हुआ नरेला, 'नानी बाई का मायरा' कथा से गूंजा परिसर
















## प्रसिद्ध कथा वाचिका जया किशोरी ने सुनाया भगवान कृष्ण और भक्त नरसी मेहता के असीम प्रेम का प्रसंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित नई अनाज मंडी परिसर में भक्ति, श्रद्धा और अध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। श्री श्याम नवयुवक मंडल नरेला के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय भव्य धार्मिक समागम का अत्यंत गरिमामयी एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम दिन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचिका एवं भजन गायिका जया किशोरी जी ने अपनी मधुर वाणी में 'नानी बाई का मायरा' की संगीतमय कथा का वाचन किया, जिसे सुनकर उपस्थित हजारों श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

**भक्ति और समर्पण की अमर गाथा है 'नानी बाई का मायरा'**

कथा व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जया किशोरी जी ने भगवान श्री कृष्ण और उनके अनन्य भक्त नरसी मेहता के जीवन से जुड़े मार्मिक एवं प्रेरणादायी प्रसंगों का जीवंत वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि राजस्थान और गुजरात की संस्कृति में विशेष स्थान रखने वाली 'नानी बाई का मायरा' की यह कथा केवल एक पौराणिक प्रसंग नहीं है, बल्कि यह ईश्वर और भक्त के बीच के प्रगाढ़ संबंध, निष्काम भक्ति और अटूट विश्वास का सजीव उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि जब भक्त नरसी मेहता अपनी पुत्री नानी बाई के मायरे (भात) के लिए साधनहीन थे, तब उन्होंने केवल अपने आराध्य श्री कृष्ण पर भरोसा रखा। जब कोई सच्चा भक्त अपने अहं का त्याग कर ईश्वर की शरण में आता है, तो भगवान स्वयं अपने भक्त की लज्जा बचाने और उसके कार्य को सिद्ध करने के लिए धरती पर चले आते हैं। कथा के दौरान जब जया किशोरी जी ने श्री कृष्ण और नरसी भात के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, तो पूरा पंडाल 'जय श्री श्याम' और 'राधे-राधे' के जयकारों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु भजनों की धुन पर आनंदित होकर झूमते नजर आए।



**राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियों की उपस्थिति**

इस अवसर पर क्षेत्र की कई प्रमुख राजनीतिक व सामाजिक हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर-पश्चिम दिल्ली के सांसद योगेंद्र चंदोलिया, नरेला के विधायक राजकरण खत्री, वरिष्ठ समाजसेवी ललित खत्री तथा लोकेश गर्ग उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथियों को पटका पहनाकर, प्रभु का चित्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

अतिथियों ने अपने संबोधन में धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे, सनातन संस्कृति के संरक्षण और युवाओं में नैतिक मूल्यों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने इतने भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए श्री श्याम नवयुवक मंडल नरेला की पूरी टीम की प्रशंसा की।

**क्षेत्रवासियों में अपार उत्साह, आयोजकों ने जताई कृतज्ञता**

कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी देते हुए मण्डल के संस्थापक अर्चित गर्ग एवं संस्थापक ऋषभ बंसल ने संयुक्त रूप से बताया कि नरेला व आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भक्ति रस का प्रवाह करने और जन-जन को प्रभु भक्ति से जोड़ने के उद्देश्य से इस विशाल धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि कथा का यह क्रम आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने नरेला एवं निकटवर्ती क्षेत्रों के सभी निवासियों से सपरिवार पहुंचकर कथा का पुण्य लाभ उठाने का आह्वान किया।

**आयोजन समिति की सक्रिय भूमिका**

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री श्याम नवयुवक मंडल की पूरी कार्यकारिणी मुस्तैदी से जुटी हुई है। इस अवसर पर मंडल के प्रमुख सदस्यों में आशु जिंदल, ऋषभ गर्ग, राहुल बंसल, सौरभ गर्ग, हिमांशु गोयल, आदित्य गुप्ता, मुकुट बंसल, हर्ष मंगला, गौतम बंसल, दीपक कौशिक, चिराग गुप्ता, कमल और इशांत गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।









## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले सजावटी व रोशनी से जगमगाया नई दिल्ली क्षेत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन-2026 से पहले राष्ट्रीय राजधानी के हृदयस्थल को अधिक आकर्षक, भव्य और स्वागतपूर्ण बनाने की दिशा में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने अधिकार क्षेत्र में व्यापक प्रकाश एवं सजावटी रोशनी के कार्य किए हैं। नई दिल्ली को विश्वस्तरीय राजधानी के रूप में प्रस्तुत करने तथा ब्रिक्स देशों से आने वाले प्रतिनिधियों एवं अंतरराष्ट्रीय अतिथियों को एक आकर्षक और प्रभावशाली दृश्य अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से एनडीएमसी द्वारा 17 प्रमुख गोल चक्करों, 11 होटल परिसरों और 10 प्रमुख एनडीएमसी भवनों पर सजावटी रोशनी की गई है। एनडीएमसी द्वारा इन प्रकाश व्यवस्थाओं का उद्देश्य प्रमुख स्थानों को विशिष्ट एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के साथ-साथ आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की भव्यता और अंतरराष्ट्रीय महत्व को प्रदर्शित करना है।

# अलीपुर गांव: सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग हुआ तो होगी कड़ी कार्रवाई: विधायक राजकरण खत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अलीपुर गांव में विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए अलीपुर गांव की फिरनी से सीड फार्म तक जाने वाली मुख्य सड़क का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। इसी कड़ी में निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेने के लिए स्थानीय विधायक राजकरण खत्री ने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया।

**पैदल चलकर जांची सड़क की मजबूती**

विधायक राजकरण खत्री क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और संबंधित विभाग के जूनियर इंजीनियर विजय पाल मान के साथ अलीपुर फिरनी रोड पहुंचे। विधायक ने पूरी सड़क पर पैदल चलकर निर्माण कार्य का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क में इस्तेमाल की जा रही रोड़ी, कंक्रीट व सामग्री की गुणवत्ता, सड़क की चौड़ाई, समतलीकरण (लेवल) और मजबूती को लेकर जेई से विस्तार से रिपोर्ट ली।





**ग्रामीणों के लिए लाइफलाइन है यह सड़क**

निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि अलीपुर गांव की फिरनी रोड क्षेत्र की मुख्य लाइफलाइन है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों ग्रामीणों की आवाजाही होती है, किसान अपनी फसलें मंडी ले जाते हैं और बच्चे स्कूल जाते हैं। लंबे समय से सड़क जर्जर होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, विशेषकर बरसात के दिनों में जलभराव से चलना दूभर हो जाता था। जनसमस्या को प्राथमिकता पर रखते हुए इसका पुनर्निर्माण कराया जा रहा है।

**अधिकारियों और ठेकेदार को दी चेतावनी**

विधायक ने जेई को सख्त हिदायत दी कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया तो उसके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कार्य को तय समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

**क्षेत्रवासियों ने व्यक्त किया आभार**

मौके पर मौजूद वरिष्ठ नागरिकों ने विकास कार्यों की तत्परता के लिए विधायक का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि अलीपुर फिरनी रोड बनने से अलीपुर के साथ-साथ सीड फार्म, खेड़ा खुर्द व आसपास के कई गांवों को सीधा लाभ मिलेगा।

विधायक राजकरण खत्री ने भी जनता को आश्वस्त किया कि नरेला विधानसभा को दिल्ली की सबसे विकसित विधानसभा बनाना ही उनका मुख्य लक्ष्य है।

## श्रीकृष्ण की छटी पर विशाल भंडारे का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भगवान श्रीकृष्ण की छठी के पावन अवसर पर पशु चिकित्सालय में विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में आने वाले पशु मालिकों, अस्पताल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. विनीता चोपड़ा ने उपस्थित पशु मालिकों एवं अस्पताल के स्टाफ को भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं का स्मरण कराते हुए मानव एवं पशु-पक्षियों सहित सभी जीवों के प्रति प्रेम, दया, करुणा एवं संवेदनशीलता रखने का संदेश दिया।

डॉ. विनीता चोपड़ा ने कहा कि भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने सभी जीवों के प्रति समान दृष्टि रखने तथा करुणा और मैत्री का भाव अपनाने का संदेश दिया है। कार्यक्रम में अस्पताल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

इस अवसर पर मानव और पशु के बीच प्रेम, करुणा एवं सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

# 'सत्यवान सिकरवार की पुनः नियुक्ति से किसान मोर्चा होगा और अधिक मजबूत'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारतीय** जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश के अंतर्गत जिला चांदनी चौक किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर सत्यवान सिकरवार की पुनः नियुक्ति होने पर क्षेत्र के सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं में हर्ष का वातावरण है। उक्त जानकारी नव युवक उज्जवल मंच के अध्यक्ष सुमित चौहान ने दी। इस अवसर पर सुमित चौहान ने कहा कि सत्यवान सिकरवार एक कर्मठ, जुझारू एवं समर्पित कार्यकर्ता हैं। उनके पुनः जिला अध्यक्ष नियुक्त होने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री सिकरवार के नेतृत्व में किसान मोर्चा किसानों की समस्याओं के समाधान एवं उनके हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कार्य करेगा।



सुमित चौहान ने सत्यवान सिकरवार को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की तथा कहा कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन निरंतर प्रगति करेगा। इस अवसर पर भाजपा नेता विष्णु चौहान, समाजसेवी रामशरण कश्यप, नव युवक उज्जवल मंच के संरक्षक रमेश कश्यप, मंत्री सुरेंद्र कश्यप, अमित चौहान, अजित सिंह, शवन पंवर, काकू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एमसीडी के अपने स्ट्रक्चरल इंजीनियर होने चाहिए: सत्या शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने सभी 12 जोन के उपायुक्तों एवं एग्जीक्यूटिव इंजीनियरों के साथ असुरक्षित, जर्जर एवं असुरक्षित इमारतों की स्थिति को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह एवं सदन के नेता जयभगवान यादव भी उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण के विरुद्ध सबसे सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

स्थायी समिति के सदस्यों एवं अन्य पार्षदों ने भी अवैध निर्माण तथा जर्जर एवं असुरक्षित इमारतों से संबंधित अपने सुझाव रखे। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

# साफ-सफाई को लेकर तत्परता दिखा रही हैं नरेला वार्ड नंबर-1 की निगम पार्षद श्वेता कमल खत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नरेला वार्ड नंबर-1 में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निगम पार्षद श्वेता कमल खत्री ने सक्रियता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में पुनर्वास गौतम कॉलोनी में एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसके तहत पूरी कॉलोनी की नालियों की गहराई से सफाई की गई और गलियों में जमा कूड़े-कचरे को त्वरित रूप से हटवाया गया।

**जलभराव व मच्छरों की समस्या पर लिया त्वरित संज्ञान**

स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले कुछ समय से गौतम कॉलोनी में नालियां जाम होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा था। इससे राहगीरों को आवाजाही में परेशानी होने के साथ-साथ मच्छरों के पनपने से बीमारियों का खतरा बना हुआ था। क्षेत्रवासियों ने इस जनसमस्या से पार्षद श्वेता कमल खत्री को अवगत कराया था, जिस पर उन्होंने तुरंत एक्शन लिया।



**दवा का छिड़काव और सिल्ट की निकासी**

शिकायत मिलते ही निगम पार्षद ने सुबह-सवेरे नगर निगम की सफाई टीम को जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर भेजा। कर्मचारियों ने नालियों से भारी मात्रा में सिल्ट (गाद) निकालकर जल निकासी को सुचारू बनाया। इसके साथ ही मौसमी बीमारियों व मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी कराया गया। गलियों में विशेष झाड़ू लगाकर एकत्र हुए कचरे को तुरंत उठवाया गया।

**सफाई कर्मचारियों को सख्त निर्देश**

निगम पार्षद श्वेता कमल खत्री ने सफाई दल को निर्देशित किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 1 की स्वच्छता मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेरा ध्येय इस क्षेत्र को दिल्ली के सबसे स्वच्छ और सुंदर वार्ड के रूप में विकसित करना है। जनता के सहयोग से यह सफाई अभियान पूरे वार्ड में निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि वे नालियों में कचरा न फेंकें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

**क्षेत्रवासियों ने जताया आभार**

सफाई व्यवस्था दुरुस्त होने पर गौतम कॉलोनी के निवासियों ने राहत की सांस ली और पार्षद श्वेता कमल खत्री का धन्यवाद व्यक्त किया।

# 17 सितंबर से शुरू होगा 'सेवा मेरा योगदान' अभियान

## शहरवासी अभियान से जुडकर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा व जनहित के कार्यों में दें योगदानः रेणु बाला गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। हरियाणा सरकार द्वारा नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा मेरा योगदानइ अभियान के तहत विभिन्न जनसेवा एवं सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस संबंध में बीती 5 सितंबर को मुख्यमंत्री हरियाणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में नगर निगम द्वारा अभियान की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने कहा कि 'सेवा मेरा योगदानइ अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में सेवा भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ते हुए गतिविधियों का प्रभावी एवं व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

25 निर्धारित सेवा गतिविधियों में भाग ले सकेंगे नागरिक



उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत नागरिकों की भागीदारी के लिए कुल 25 निर्धारित सेवा गतिविधियां रखी गई हैं। इनमें रक्तदान, वृद्धाश्रम का दौरा, पौधारोपण, स्वच्छता ही सेवा, स्वास्थ्य जांच शिविर, डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा, योग, नशा मुक्त भारत तथा नदी तट की सफाई एवं सौंदर्यीकरण जैसी गतिविधियां प्रमुख रूप से शामिल हैं। नगर निगम द्वारा इन गतिविधियों को स्थानीय स्तर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा।

निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गतिविधियों के लिए ऐसे स्थानों का चयन किया जाए जहां अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं, मार्केट एसोसिएशनों, आरडब्ल्यूए तथा अन्य संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिए।

**अभियान**

□ 'नागरिकों को जोड़ते हुए गतिविधियों का प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करें अधिकारी : सलोनी शर्मा

महापौर ने कहा–जनभागीदारी से बनेगा अभियान सफल

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि 'सेवा मेरा योगदानइ अभियान केवल सरकारी स्तर पर आयोजित होने वाला कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर नागरिक को समाज और शहर के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर देने वाला अभियान है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन गतिविधियों से जुड़ें और स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा तथा जनहित के कार्यों में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन और नागरिक मिलकर कार्य करते हैं तो किसी भी अभियान का प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। करनाल के नागरिक सेवा भावना के साथ आगे आकर शहर को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

गतिविधियों का सोशल मीडिया पर होगा प्रचार-प्रसार

अभियान के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों का फोटो एवं वीडियो दस्तावेजीकरण किया जाएगा तथा आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर इनका प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को अभियान से जोड ? के साथ-साथ अन्य लोगों को भी सेवा कार्यों के लिए प्रेरित करना है। निगमायुक्त ने कहा कि अभियान की प्रत्येक गतिविधि को व्यवस्थित तरीके से रिकॉर्ड किया जाए और उसकी रिपोर्ट निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रस्तुत की जाए।

प्रसिद्ध हस्तियों एवं पद्म पुरस्कार विजेताओं को किया जाएगा आमंत्रित

अभियान को और अधिक प्रभावी एवं प्रेरणादायी बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त माननीयों को कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही पद्म पुरस्कार विजेताओं की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित करने अथवा उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

जिला स्तर पर प्रशासन द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के सफल आयोजन में आवश्यक सहयोग एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सौंदर्यीकरण कार्य एवं अधिक आकर्षक बनाने पर जोर

अभियान के तहत पविधानसभा क्षेत्र में कम से कम दो स्थानों पर सौंदर्यीकरण एवं अधिक आकर्षक बनाने हेतू कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# फसल अवशेष जलाने से रोकने के लिए तेज किया जागरूकता अभियान

**लक्ष्य**

□ 5 सितम्बर से अम्बाला में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी जाएगी।

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप कृषि निदेशक, अम्बाला डॉ. वजीर सिंह के दिशा निर्देशों के अनुसार सी.आर.एम. स्कीम के तहत अम्बाला जिला में कर्मचारियों/अधिकारियों व नोडल आफिसर की डयूटी लगाई गई है। जिसमें ए.एफ.एल. की घटनाओं को शून्य लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिला अम्बाला के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जिले के सभी गावों में एग्रीस्टैक व फसल अवशेष प्रबर्धन कैपों के द्वारा



किसानों को फसल प्रबंधन हेतू जागरुक किया जा रहा है।

किसानों को बताया जा रहा है कि वातावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए व बच्चों / बुजुर्गों पर पड ? वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम हेतु धान की कटाई करने के बाद शेष बचे हुए अवशेषों को जलाने पर हरियाणा सरकार द्वारा पूर्णतय प्रतिबंध लगाया हुआ है। धान की कटाई करने के बाद शेष बचे हुए अवशेषों को न जलाएं व इसके स्थान पर स्ट्रा रिपर, रिपर बाईंडर, हैपी सीडर, स्ट्रा बेलर व रोटावेटर यंत्रों का प्रयोग कर शेष बचे हुए अवशेषों को खेत में ही दबा दें। इसके साथ-साथ डिकम्पोसर के बारे में भी बताया। इसके अतिरिक्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों व कॉलेजों में लगभग 100 कैम्प लगाकर बच्चों को फसल अवशेष प्रबंधन हेतू जागरूक किया जाएगा। जिसमें फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया जाएगा। फसल अवशेष जलाने से मिट्टी की उर्वरकता शक्ति खत्म हो जाती है व मिट्टी में उपस्थित किसान मित्र कीट भी नष्ट हो जाते है। उनको बताया जाएगा कि अपने आसपास कोई भी धान के अवशेष न जलाएं व अपने माता-पिता व पड़ोसियों को भी धान के अवशेष न जलाने बारे जागरूक करने के लिए हरसंभव प्रयत्न हमें करना होगा।

15 सितम्बर से अम्बाला जिले में उपायुक्त सचिन गुप्ता द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू कर दी जाएगी।

# हर शुभ अवसर पर पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण में दें योगदान : रामकुमार कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री, 10 सितंबर (मैनपाल कश्यप)**। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच पर्यावरण संरक्षण को लेकर इंद्री के विधायक एवं हरियाणा सरकार के गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। उन्होंने वीरवार को हर्बल पार्क इंद्री तथा सिंचाई विभाग विश्राम गृह में त्रिवेणी (नीम, पीपल और बरगद) का पौधारोपण किया। इस अवसर पर विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि आज पर्यावरण असंतुलन और प्रदूषण पूरी दुनिया के सामने बड़ी चुनौती बन चुके हैं। ऐसे में पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है। पेड़-पौधे वातावरण को शुद्ध करने के साथ मानव जीवन, जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र



को संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिवस, विवाह समारोह तथा अन्य शुभ अवसरों पर पौधारोपण करने की परंपरा को बढ़ावा देना चाहिए। आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, हरियाली और बेहतर पर्यावरण का आधार बन सकता है। उन्होंने लोगों से केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहने, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करने की भी अपील की।

**प्रदूषण के कारण मानव स्वास्थ्य पर गंभीर असर**

विधायक ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों से होने वाला उत्सर्जन, वाहनों से निकलने वाला धुआं और प्लास्टिक कचरा प्रदूषण बढ़ाने के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। इसके चलते वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण की समस्या गंभीर होती जा रही है, जिसका असर मानव स्वास्थ्य, जैव विविधता और पर्यावरण पर पड़ रहा है।

# बेटे को बचाने नहर में कूदा पिता, दोनों बहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्डा**

**करनाल**। जिले में हाबड़ी ब्रांच स्थित बस्तली नहर में पैर फिसलने से बहे बेटे की जान बचाने के लिए पिता ने भी नहर में छलांग लगा दी। हालांकि पानी का बहाव तेज होने और तैरना न आने के कारण पिता-पुत्र दोनों ही गहरे पानी में बह गए, जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा।

जानकारी के मुताबिक निसिंग क्षेत्र के गांव बीर बड़ालवा निवासी सतनाम 38 वर्ष और उसका बेटा मानुष 20 वर्ष खेत में फसल पर स्प्रे करने के लिए गए थे। खेत के पास ट्यूबवेल न होने के कारण मानुष पानी भरने के लिए पास ही बह रही बस्तली नहर के पास गया। इसी दौरान उसका पैर अचानक फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। मानुष को नहर में डूबता देख वहां मौजूद उसके साथी ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सका।

# जिला अंबाला में आरबीएसके कार्यक्रम की समीक्षा हेतु आकस्मिक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की सेवाओं की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उप निदेशक आरबीएसके डॉ. अमनदीप एवं डॉ. दीपित द्वारा जिला अंबाला में आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा आरबीएसके टीमों द्वारा बच्चों की स्क्रीनिंग, चिन्हित बच्चों के उपचार एवं फॉलो-अप की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि जिले में 100 प्रतिशत बच्चों की स्क्रीनिंग तथा चिन्हित बच्चों का 100 प्रतिशत प्रबंधन एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। विशेष रूप से गंभीर एनीमिया ग्रसित बच्चों की पहचान कर उनका समयबद्ध उपचार एवं उचित फॉलो-अप सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। संबंधित टीमों को निर्देशित किया गया कि ऐसे बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर उच्च स्वास्थ्य संस्थानों से जोड़ते हुए उपचार की निरंतर निगरानी की जाए। अधिकारियों ने आरबीएसके टीमों को निर्देश दिए कि 0 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान, रेफरल, उपचार एवं फॉलो-अप की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए तथा जिले में आरबीएसके कार्यक्रम के लक्ष्यों को पूर्ण रूप से प्राप्त करने के लिए समन्वय के साथ कार्य किया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### पुरुषोत्तमपुरा बाग के 2000 वर्ग फीट एरिया में बनने वाली भव्य रंगोली में दिखेगा राष्ट्र सेवा के रंगः विश्राम कुमार मीणा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत पुरुषोत्तमपुरा बाग में 2000 वर्ग फीट एरिया में भव्य रंगोली का आयोजन किया जाएगा। इस रंगोली में राष्ट्र सेवा के रंगों के लिए अनाज, फल, फूल, पत्तों सहित अन्य सामग्री का प्रयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 17 सितंबर को सेवा संकल्प अभियान के तहत कुरुक्षेत्र में होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मसरोवर पर भव्य रंगोली, रक्तदान शिविर, आशीर्वाद का दीया और ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को लघु सचिवालय के वीडियो कांफ्रेंस सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पहले मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान को लेकर कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं, उत्सव व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने इन कार्यक्रमों को लेकर सभी तैयारियों के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उन्होंने कहा कि आशीर्वाद का दीया अभियान में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को इस अभियान से जोड़ा जाए और उनके घरों पर दीया जलाकर उनके अनुभवों को सामने लाया जाए। इसके साथ ही पिछले 12 वर्षों में जिले में विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों तथा इनसे लोगों के जीवन में आए बदलाव को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरे सपनों का भारत थीम पर स्कूलों, कॉलेजों में ड्राइंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### खेतों से बिजली की तार चोरी करने वाला आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिला पुलिस द्वारा खेतों में लगी बिजली की मोटरों से तार चोरी करने वाले आरोपियों के खिलाफ लगातार सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना असंध पुलिस ने खेतों से बिजली की तार चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 13 किलो 600 ग्राम चोरीशुदा तांबे की तार तथा वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजीत सिंह उर्फ चेतन सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी गांव खेड़ी सर्फली, असंध, जिला करनाल के रूप में हुई है। मामले में कार्रवाई थाना असंध प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी अजीत सिंह को खेड़ी मंडवाल से काबू कर गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा 13 किलो 600 ग्राम तांबे की तार तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई।

मामले के अनुसंधान अधिकारी सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि थाना असंध में खेतों से बिजली की तार चोरी होने के संबंध में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार शिकायतकर्ता के खेत से बिजली की तार तथा आसपास के किसानों के खेतों से भी बिजली की मोटरों की तार, ग्रिप एवं अन्य सामान चोरी किया गया था।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का जल्द हो समाधानः नगराधीश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश अभिषेक गर्ग ने नागरिकों की शिकायतें एवं समस्याएं सुनीं और समाधान करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान समाधान शिविर में गांव रूपा माजरा की कमलेश देवी, गांव गोला से शशी रानी, अम्बाला शहर से अंजु बाला ने लाडो लक्ष्मी योजना मे नाम जुड़वाने बारे, गांव बाड़ा से राममंत्र शर्मा, अम्बाला शहर के संतोष अपनी बुढ़ापा पेंशन लगवाने बारे, अम्बाला शहर के सुशील कुमार अपनी फैमिली आई में त्रृटि ठीक करवाने बारे, मोहड़ा से रज्जी देवी, भुडगपुर से जसबीर कौर अपनी विधवा पेंशन लगवाने बारे, प्रेम नगर से जसविन्द्र सिंह व सम्लेहड़ी से बलबीर सिंह अपना पीला राशन कार्ड बनवाने बारे, गांव तसडौला से रामकरण अपने बेटे की दिव्यांग पेंशन लगवाने बारे, गांव स्पेड़ा से रोहित कुमार पीपीपी में जन्म तिथि ठीक करवाने बारे, अम्बाला शहर के वार्ड नम्बर 16 तनुज ने सीवरेज सम्बधिंत समस्या बारे शिकायत रखी व अन्य शिकायतकताओं ने अपनी-अपनी समस्या को रखा, नगराधीश ने संबंधित अधिकारियों को समाधान करने आपसी समन्वय बनाकर समयबद्ध रूप से नियमानुसार समाधान करने के निर्देश दिए। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन को अपनी शिकायतों के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध करवाना है। अधिकारी शिकायतों के निपटारे में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें और नागरिकों को राहत पहुंचाना प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के लिए सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजें से दोपहर 12 बजें तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है।

# 17 सितम्बर से 17 अक्तूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

**अभियान**

□ संकल्प अभियान के तहत 17 सितम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने चण्डीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान के तहत की जाने वाली तैयारियों एवं कार्यो की जानकारी लेते हुए इस अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

वीसी की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्ष जन सेवा के रूप में होने पर 17 सितम्बर से 17 अक्तूबर तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन करते हुए



विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। इन कार्यक्रमों में जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए सभी गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करना हैं। उन्होंने बताया कि संकल्प अभियान के तहत 17 सितम्बर को आशीर्वाद का दिया/ रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार कार्यक्रम की श्रंखला में 25 करोड़ युवा सपनों का भारत/ सेवा चित्र, नमो सेवा यात्रा/ सेवा समरण, आंगन का उत्सव/ कहानी बदलाव की, विकसित संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, 25 साल 25 कहानी, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतू अभियान, सेवा रंग, हैकाथॉन एवं इनोवशन चैलेंज, जन सेवक महाकुम्भ इत्यादि शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रमों के दृष्टिगत जिन भी विभागों की जिम्मेवारी तय की गई है वे सभी विभाग मॉडयूल श्रंखला के अनुसार कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करवाने मे अपनी भूमिका निभाएं।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि वीसी में जो भी दिशा-निर्देश मिले है उसकी अनुपालना के तहत सभी कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जाएगा।

वीसी के उपरान्त उपायुक्त ने सम्बधिंत विभागों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए उन्हें निर्देश दिए कि वीसी में जो भी दिशा-निर्देश मिले है उसकी अनुपालना के तहत सभी कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करना हैं। उन्होंने सम्बधिंत एसडीएम को भी क हा कि 17 सितम्बर को आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के तहत बूथों पर जो गतिविधियां की जानी है उसके लिए सम्बधिंत की बैठक ले ताकि उन्हें भी कार्यक्रम की रूप रेखा बारे अवगत करवाकर कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करवा सकें।

बैठक में सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, एसडीएम शिवजीत भारती, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा, जिला खेल अधिकारी राम स्वरूप, सिविल सर्जन डॉ रेनू बेरी, उप सिविल सर्जन डा. संजीव सिंगला के साथ-साथ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुणवत्ता बनेगी विकसित हरियाणा की पहचानः डॉ. चौहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। सरकारी विकास कार्यों की गुणवत्ता केवल तकनीकी मानकों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह कार्य के प्रति जिम्मेदारी, सकारात्मक सोच और जनसेवा की भावना से भी जुड़ी है। प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को अपने कार्य को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक बेहतर गुणवत्ता के साथ पहुंचे।

यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे संस्थान में गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन




दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। डॉ.चौहान ने कहा कि जापान की पहचान उसकी तकनीक के साथ-साथ गुणवत्ता के लिए है और इसी प्रकार विकसित भारत एवं विकसित हरियाणा की पहचान भी गुणवत्तापूर्ण कार्यों से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्य सीधे लोगों के जीवन से जुड़े होते हैं, इसलिए इन कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। तकनीकी अधिकारियों और अभियंताओं को अपनी जिम्मेदारी को केवल नौकरी का हिस्सा न मानकर जनसेवा के महत्वपूर्ण दायित्व के रूप में निभाना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षु अभियंताओं का आह्वान किया कि वे मुखमंडल पर मुस्कान रखते हुए, सकारात्मक सोच के साथ और पूरी ईमानदारी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण से कार्यक्षमता बढ़ती है और इसका सीधा प्रभाव सरकारी कार्यों की गुणवत्ता पर पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने व्यवहार और कार्यशैली से आमजन के बीच सरकार के प्रति विश्वास को मजबूत करने का प्रयास करें।

डा. वीरेंद्र सिंह चौहान ने सरकारी कामकाज और दैनिक कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी सहज और सरल संपर्क भाषा है तथा सरकारी कामकाज को अधिक से अधिक हिंदी में करने से आमजन के साथ संवाद और कार्यों की समझ को और बेहतर बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से अभियंताओं को गुणवत्ता आश्वासन, तकनीकी निरीक्षण, निर्माण कार्यों की निगरानी तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन से जुड़ी नई जानकारियां प्राप्त होंगी। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लागू करना ही इस कार्यक्रम की वास्तविक सफलता होगी।

संस्थान के सहायक आचार्य एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुशील मेहता ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज विभाग से जुड़े तकनीकी अधिकारियों एवं कनिष्ठ अभियंताओं की क्षमता में वृद्धि करना तथा उन्हें गुणवत्ता आश्वासन से संबंधित नवीन तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं से परिचित करवाना है।

# चुलकाना शराब फैक्ट्री के जहरीले पानी से परेशान ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि को दिया ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( संजय नरवाल )**

आज चुलकाना व आस पास के कई गाओं के सम्मानित व्यक्ति चुलकाना रोड पर लगी शराब की फैक्ट्री को लेकर इकट्ठा हुये। ग्रामीणों का आरोप है कि इस फैक्ट्री के कारण आस पास के गांवों का पानी जहरीला हो गया हे फैक्ट्री का कैमिकल जमीन में छोड़ा जाता है । जिसके कारण सभी आस पास के गांवों में कैंसर,टी बी,काला पीलिया आदि बहुत से रोगों का फैलने का खतरा है ।जिससे बहुत नौजवानों की मौत भी हो चुकी है ।इसी बात को लेकर इसको बन्द कराने के लिए विधायक मनमोहन भड़ाना जी के प्रतिनिधि विपिन कुमार को पंचायत के लेटर पेड़ पर लिखकर ज्ञापन दिया। विधायक प्रतिनिधि ने इस मामले पर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया।

## श्री गुरु नाडा साहिब

सेवा | श्रद्धा | समर्पण | गुरु घर के प्रति अटूट आस्था

वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह

# डॉक्टर हरनेक सिंह हैरी की दिली इच्छा हुई पूरी

# पालकी बस सेवा श्री गुरुद्वारा नाडा साहिब को समर्पित

### परिवार ने सेवा, श्रद्धा और गुरु घर के प्रति समर्पण की भावना को दिया नया जीवन



डॉ. हरनेक सिंह हैरी के परिवार की ओर से पालकी साहब बस की सेवा



डॉ. हरनेक सिंह हैरी
(संस्थापक, कलगीधर मानव सेवा मिशन)

**नाडा साहिब, मैनापाल।** सेवा, श्रद्धा और गुरु घर कों एक भावपूर्ण मिसाल उस समय सामने आई, जब कलगीधर मानव सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. हरनेक सिंह हरी की वर्षों से चली आ रही दिली इच्छा को उनर्मत्ती श्रीमती करमजीत कौर हैरी और सुपुत्र डॉव्दर गगनदीप सिंह हैरी, पुत्री जस सिमरन ने साकार करते हुए पालकी बस सेवा श्री गुरु नाडा साहिब को समर्पित की।

डॉ. हरनेक सिंह हरी का जीवन मानव सेवा, सामाजिक सरोकारों और गुरु घर के प्रति समर्पण से जुडा रहा। उनकी हसेणा इच्छा थी कि पालकी बस की सेवा गुरु घर को समर्पित की जाए, ताकि संगत और श्रद्धालुओं की सेवा के साथ-साथ यह सेवा लंबे समय तक गुरु घर के चरणों में समर्पित रहे।

**परिवार की ओर से**
**श्रीमती करमजीत कौर हैरी**
**डॉ. गगनदीप सिंह हैरी**
**जस सिमरन**
**एवं समस्त परिवार**

उनके इस भाव को उनकी पत्नी श्रीमती करमजीत कौर हैरी ने केवल एक इच्छा के रूप में नहीं रहने दिया, बल्कि उसे अपनी श्रद्धा और संकल्प के साथ वास्तविक सेवा का रूप दिया।

पालकी बस को गुरुद्धारा श्री नाडा साहिब को समर्पित करना परिवार के लिए केवल धार्मिक सेवा नहीं, बल्कि डॉ. हरनेक सिंह हैरी की सोच, उनके सेवा-भाव और गुरु घर के प्रति उनकी आस्था को आगे बढ़ाने का माध्यम है।

इस अवसर का भावनात्मक पक्ष यह भी रहा कि जिस सेवा की कल्पना डॉ. हरनेक सिंह हैरी ने अपने मन में संजोई थी, उसे उनकी जीवनसंगिनी ने पूरा कर उन्हें एक अनमोल श्रद्धांजलि अर्पित की।

> **"मेरे जीवन का उद्देश्य हमेशा मानव सेवा और गुरु घर की सेवा रहा है। यह पालकी बस सेवा उसी विचार को आगे बढ़ाने का माध्यम है।"**
> **- डॉ. हरनेक सिंह हैरी**

श्रीमती करमजीत कौर हैरी का यह कदम समाज के लिए भी एक प्रेरणादायक संदेश है कि सच्ची सेवा केवल किसी एक व्यक्ति की उपस्थिति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उसके विचार और संकल्प आने वाली पीढ़ियों तक जीवित रह सकते है।

डॉ. हरनेक सिंह हरी की दिली इच्छा आज पालकी बस सेवा के रूप में गुरु घर की सेवा में समर्पित होकर उनके सेवा-भाव को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी। इस मौके पर गुरुद्धारा नाडा साहिब के मैनेजर परमजीत सिंह और हेड ग्रंथी गुरुद्धारा नाडा साहिब जगजीत सिंह और साध संगत मौजूद रही।

## गुरु की राह में सेवा ही जीवन है

॥ सेवा करें ॥ सिमरन करें ॥ संगत नाल जुड़ों ॥